10- OCT- BSP- P-1_Layout 1 10/10/2025 12:43 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




## खबर संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**बिलासपुर।** फ़ोरम ऑफ रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स छत्तीसगढ़ जिला समिति द्वारा पेंशनर्स एवं उनके परिवार के लिए 12 अक्टूबर को जल संसाधन परिसर स्थित प्रार्थना भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे रहेगा। इसमें डॉ आशीष गहवई, डॉ दीपिका साहू, नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ मढ़रिया, न्यू होराइजन डेंटल कॉलेज सकरी से विशेषज्ञ दंत चिकित्सक द्वारा परीक्षण एवं निशुल्क दवाई वितरण किया जाएगा। इसके अलावा योग विशेषज्ञ डॉ मोनिका पाठक योग की जानकारी देंगी। वहीं नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ श्वेता मित्तल भी शामिल होंगी। शिविर में निःशुल्क बीपी शुगर की जांच की जाएगी। प्रधानमंत्री वय वंदन योजना के कार्ड भी बनाए जाएंगे, आयुष्मान कार्ड के लिए राशन-कार्ड तथा प्राधानमंत्री वय वंदन योजना के लिए आधार कार्ड आवश्यक जरूरी दस्तावेज लाना होगा।

### आईटीआई कोनी में अप्रेंटिसशिप मेला 13 को

**बिलासपुर।** आईटीआई कोनी के सीओई भवन मे 13 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से विद्युतकार, फिटर, मैकेनिक डीजल, मशीनिष्ट, वेल्डर, टर्नर एवं कोपा के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस मेले में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए आदर्श आद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी से संपर्क कर सकतें हैं।

## जीजीयू में जारी भर्ती प्रक्रिया पर सवाल

**हाईकोर्ट में याचिका** कोर्ट ने विश्वविद्यालय से 27 अक्टूबर तक स्पष्टीकरण मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट में गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए याचिका दायर की गई है। कोर्ट ने विश्वविद्यालय से इस मामले में 27 अक्टूबर तक स्पष्टीकरण मांगा है। याचिकाकर्ता नवीन चौबे ने अधिवक्ता अशुतोष शुक्ला के माध्यम से उच्च न्यायालय में याचिका दायर करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया में की जा रही अनियमितताओं को उजागर करते हुए न्यायालय से न्याय की मांग की। मामले की सुनवाई माननीय न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार व्यास की एकल पीठ के समक्ष हुई।

याचिका में कहा गया कि विश्वविद्यालय की भर्ती विज्ञापन "त्रुटिपूर्ण और अस्पष्ट" है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा वर्ष 2014 में बनाए गए विनियमों के अनुसार, पर्सेपेक्टिव इन एजुकेशन या फाउंडेशनव कोर्स आदि पदों हेतु नियुक्तियां केवल



उन्हीं अभ्यर्थियों से की जानी चाहिए जिनके पास परिषद द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यताएं मौजूद हों। याचिका में यह भी कहा गया कि विश्वविद्यालय ने अपने विज्ञापन में यह स्पष्ट नहीं किया है कि किस विषय हेतु असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की जा रही है, जिसके कारण यह विज्ञापन एनसीटीई 2014 के अनुरूप नहीं माना जा सकता। इस पर कोर्ट ने विश्वविद्यालय को यह निर्देश दिया है वह यह स्पष्ट करे कि जारी किया गया विज्ञापन किस विषय के लिए है, तथा क्या यह के नियमों के अनुरूप है या नहीं।

## शहर में जल्द दौड़ेंगी 11 सिटी बसें

**शासन ने पेश किया जवाब** हाईकोर्ट ने कहा– लोगों को लगातार असुविधा हो रही है

**बिलासपुर।** जिले में शहरी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की बदहाली को लेकर हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने बताया कि, बिलासपुर में 9 में से 5 सिटी बसें चल रही है। तीन और बसें जल्द हीं उपलब्ध होंगी तो 3 बसों की मरम्मत की जा रही है। इस तरह दिवाली तक 11 सिटी बसें शहर में दौड़नें लगेंगी। हाईकोर्ट ने इस पर कहा कि, आवाजाही में लोगों को लगातार असुविधा हो रही है फिर भी परिवहन व्यवस्था नहीं सुधर रही है।



हाईकोर्ट ने शासन से फिर पूछा है कि आखिर सिटी बस सेवा पूरी तरह कब तक पटरी पर आ जाएगी। शासन की तरफ से सुविधा के लिए ई-सिटी बसों का परिचालन जल्द शुरू करने की जानकारी हाईकोर्ट में दी गई है। सरकार की ओर से कोर्ट को यह भी जानकारी दी गई कि जल्द ही शहर में ई-सिटी बसों का परिचालन शुरू करने की योजना है। हालांकि, हाईकोर्ट सरकार के इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ। कोर्ट ने कहा कि बिलासपुर जैसे बड़े शहर में सार्वजनिक परिवहन की हालत बेहद खराब है और भविष्य की योजनाओं के बजाय वर्तमान स्थिति को तत्काल सुधारने की जरूरत है।

### 9 शहरी समूहों में 451 बसें शुरू की गई थीं

दरअसल, सिटी बसों की बदहाली को लेकर हाईकोर्ट स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई कर रहा है। पूर्व में परिवहन सचिव को शपथ पत्र के साथ जवाब मांगा गया था। शासन की तरफ से बताया गया कि, प्रदेश में शहरी परिवहन व्यवस्था साल 2012-13 में शुरू की गई थी। जिसके तहत 9 शहरी समूहों में कुल 451 बसें शुरू की गई थीं। बिलासपुर के लिए 9 बसें उपलब्ध थीं। जिनमें 6 अभी चालू हालत में हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 5 बसें ही सड़कों पर चल रही हैं।

### हर्री-वेंकटनगर के बीच हुई घटना, ट्रेन के इंजन से टकराया रिपेयरिंग के लिए लगा जैक

## हादसे से बाल-बाल बची हमसफर एक्सप्रेस, 9 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पेण्ड्रारोड और हर्री स्टेशन के बीच बिना किसी को सूचित किए लापरवाहीपूर्वक ट्रैक पर रिपेयरिंग काम किया जा रहा था। इस दौरान दुर्ग से हजरत निजामुद्दीन की ओर जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस वहां पहुंच गई, ट्रेन के इंजन से रिपेयरिंग के लिए लगे जैक की टक्कर हुई, जिसमें चालक के इमरजेंसी ब्रेक लगाने के कारण गाड़ी दुर्घटना होने से बाल-बाल बच गई।



जानकारी के अनुसार अप लाइन के किलोमीटर नंबर 828/11-13 के बीच रिपेयरिंग कार्य रेल कर्मचारी मैट के पद पर तैनात जवाहर लाल की देखरेख में किया जा रहा था। जवाहर लाल ने अपने साथ 8 मजदूरों को भी काम पर लगाया था। हमसफर एक्सप्रेस के लोको पायलट ने आनन-फानन में ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी, जिससे बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। घटना की सूचना मिलते ही रेल अफसरों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मैट जवाहर लाल को तत्काल निलंबित कर दिया। जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ की टीम ने 9 मजदूरों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। जांच के दौरान पता चला कि यह कार्य पूरी तरह से अनाधिकृत था, जो रेलवे सुरक्षा के लिए गंभीर उल्लंघन है। वहीं आरपीएफ की निरीक्षक मधुबाला पात्र, उपनिरीक्षक जयमन कुजूर, सहायक उपनिरीक्षक जीएल साहू ने 17.30 बजे घटना स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुए पाया कि हर्री-वेंकटनगर के बीच किलोमीटर नम्बर 828/11-13 में अप लाइन लोकेशन बॉक्स नम्बर एल 58 के पास टेंक के ग्लूड ज्वाइंट के पास लगे स्लीपर में किसी चीज से टकराने का निशान था। जवाहर लाल ने पूछताछ में बताया कि किलामीटर नम्बर 828/03-05 के बीच ग्लूड ज्वाइंट का पेकिंग कार्य चल रहा था, जिसमें मुंशी अवतार सिंह के साथ आठ लेबर द्वारा पेकिंग कार्य किया जा रहा था। 22867 एक्सप्रेस के आते देखकर मुंशी एवं लेबर जेक को निकालने का प्रयास किए, लेकिन नहीं निकाल पाए और गाड़ी नजदीक आने पर अपने आपको बचाने रेलवे ट्रैक से हट गए, जिसके कारण गाड़ी जेक से टकरा गई। इससे इंजन का कैटल गार्ड और सामने का जनरेटर कार क्षतिग्रस्त हो गया। इस मामले में आरपीएफ ने धारा 153, 174 (सी) रेल अधिनियम के तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पकड़े गए आरोपी

मामले में 9 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें ठेंगाडांड खोडरी निवासी जवाहरलाल पिता छोटा 53 साल, खालेटोला भसकुरा निवासी अवतार सिंह पिता बुद्धू सिंह 34 साल, भसकुरा निवासी रामबाबू भैना पिता कंचनलाल भैना 40 साल, भसकुरा गौरेला निवासी मूलचंद भैना पिता भोलाप्रसाद भैना 40 साल, उमेश कुमार भैना पिता लाल भैना 24 साल, मेढुका गौरेला निवासी जहान सिंह पिता साखन सिंह 45 साल, गांगपुर निवासी दीपक कुमार पिता रामगणेश 24 साल, गुड्डीटोला निवासी रमेश वाकरे पिता सुर्जन सिंह वाकरे 40 साल, गांगपुर निवासी मनोज कुमार धुर्वे पिता रामसिंह धुर्वे 25 साल, आमानाला भसकुरा निवासी मंगलू कुमार भानू पिता बालचंद भानू 26 साल शामिल है।

## कटनी मेमू में धुएं से घबराए यात्री

**बिलासपुर।** जोनल स्टेशन से बिलासपुर से कटनी जा रही मेमू ट्रेन (क्रमांक 68748) मे शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब जिले के पाली रेलवे स्टेशन से करीब तीन किलोमीटर आगे एक बोगी के नीचे से घना धुआं उठने लगा। धुआं देख यात्री घबरा गए और ट्रेन से उतरकर ट्रैक से दूर चले गए। इससे पहले भी घुनघुटी स्टेशन पर ट्रेन के एक हिस्से से हल्का धुआं उठता देखा गया था, लेकिन जांच में कोई गंभीर गड़बड़ी नहीं पाई गई थी। पाली स्टेशन पर ट्रेन करीब एक घंटे की देरी से पहुंची और वहां से रवाना होने के कुछ ही मिनट बाद यह घटना हुई।

- ट्रेन से उतर गए यात्री लेट हो गई गाड़ी

सूचना मिलते ही लोको पायलट ने ट्रेन रोकी और रेलवे कर्मियों ने तत्काल जांच कर स्थिति पर नियंत्रण पाया। आरपीएफ ने बताया कि यह ब्रेक बाइंडिंग नामक सामान्य तकनीकी समस्या थी, जिससे ब्रेक शू पहियों से चिपक जाते हैं और घर्षण से धुआं उठता है। रेलवे की तत्परता से कोई जनहानि नहीं हुई और ट्रेन को कुछ देर बाद सुरक्षित रवाना कर दिया गया। यात्रियों ने राहत की सांस ली।



10-OCT- BSP-BHOOMI-PG-2-Full page_Layout 1 10/10/2025 9:30 PM Page 1





10- OCT- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 10/10/2025 12:46 PM Page 1

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



# करवा चौथ पर सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत, दिया अर्घ्य



















**सुहागन महिलाओं ने शुक्रवार को श्रद्धा-भक्ति के साथ करवा चौथ पर निर्जला व्रत रख कर अपने पति की लंबी आयु की कामना की। सोलह श्रृंगार कर पूजा में भाग लिया। पंजाबी समाज की महिलाओं ने सरगी लेकर व्रत की शुरूआत की और रात्रि में चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण किया।**

## की गई भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करवा चौथ का व्रत कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी शुक्रवार को उत्साह से रखा गया। इस दिन विवाहित महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए सूर्योदय से चंद्र दर्शन तक निर्जला व्रत रखा एवं भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश व कार्तिकेय की पूजा की। व्रत का समापन चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित करने और मिट्टी के करवा से जल चढ़ाने के बाद किया गया। इस व्रत में करवा का विशेष महत्व होता है। जिसे पूजा के बाद ब्राह्मण या सुहागन को दान दिया गया। कुछ क्षेत्रों में इसे करक चतुर्थी भी कहा जाता है।



हॉटल इंटर सिटी जगमल चौक में सिमरन कौर, दर्शनीत कौर आरोरा, साक्षी कौर सलूजा, अपूर्वा कौर दुआ, सुष्मित कौर गंभीर, शुभी कौर सलूजा, रजनीश कौर उपवेजा, सेजल सलूजा, सेजल प्रीत गंभीर, ऋतु जुनेजा, हर्षित टुटेजा ने मनाया करवा चौथ।

भाजपा की प्रदेश मंत्री श्रीमती हर्षिता पाण्डेय ने करवा चौथ पर प्रदेश की महिलाओ को बधाई शुभकामनायें देते हुवे सभी के अखंड सौभाग्य की कामना करते हुवे बताया की हर वर्ष की भांति उन्होंने भी करवा चौथ का व्रत रखा था तथा चंद्र उदय पश्चात भारतीय परम्परा के अनुसार विधि विधान से पूजन कर अखंड सौभाग्य की कामना के साथ व्रत का प्रसाद ग्रहण कर प्रारण किया।



### पारिजात कालोनी में सामूहिक रूप से मना पर्व

पारिजात कालोनी एक्सटेंशन में पंजाबी समाज की महिलाओं ने करवा चौथ सामूहिक रूप से मनाया। इस मौके पर कालोनी की महिलाएं भारी संख्या में उपस्थित थीं।

### चांद देखने के बाद सुहागिनों ने तोड़ा व्रत



करवा चौथ पर रजनी गुलशन ऋषि के निवास में सुहागिनों ने अपने पति की दीर्घायु कामना के लिए पूजा-अर्चना की। इस मौके पर नेहा ऋषि, योगिता, मानसी मलिक, सुनीता, रिचा चावला, रेनी अग्रवाल, शिल्पा शाह, वाणी, रूही बजाज, आकांक्षा जाजोदिया, वेदिका मंगवानी, सिमरन अग्रवाल उपस्थित थीं। नेहा ऋषि ने बताया कि करवा चौथ के दिन हर साल उनके निवास स्थान में करवा माता की पूजा की जाती है। पूजा-अर्चना के दौरान करवा चौथ पर वीरू माता की कथा सुनाई गई। मानसी मलिक ने करवा माता की कथा सुनाई। चलनी से चांद देखने के बाद सभी व्रतियों ने निर्जला उपवास तोड़ा।



### पंजाबी गीतों पर किया डांस



### करवा चौथ कार्निवाल में सोलह श्रृंगार उत्सव

36 माल के सामने स्थित ऋषि बंगला में करवा चौथ कार्निवाल का आयोजन किया गया। इसमें आओ रल मिल भंगडा पावें, नचियॉ, गांऐ ते खुशी मनावें गीत की धुन के बीच महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर उत्सव मनाया।

आयोजिका नमिता एवं शाइना ऋषि ने संयुक्त रूप से बताया कि गीतू मनचंदा ने पूजा कर कथा पढ़ी। दीप आहूजा ने हाऊजी व लकी गेम कराया। साक्षी ने डांस किया। कल्पना सचदेव ने कविता-सुहागिनों का व्रत बड़ा। इसमें शांभवी तिवारी व सिद्धि पाण्डेय ने कलर फूल फेस आर्ट बनाया। इस मौके पर श्वेता, मोना, सपना चावला, तनमित, शिखा सलूजा, रंजना भाटिया, हनी, शिखा भाटिया, सुधा साव, प्राची साव सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

### गायन, नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति



### आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा का आयोजन

करवा चौथ पर आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष शशि तिवारी ने भजन की एवं अन्य सदस्यों ने गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति दी।

शुभारंभ मुख्य अतिथि आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा की अनिता राजेंद्र शुक्ला व रेखेन्द्र तिवारी, प्रिया शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी, संजय दीक्षित, सुरेंद्र तिवारी, मुकेश, शोभा त्रिपाठी, दिव्या चतुर्वेदी, किरण, निशा, श्रद्धा, नीतू, मनीष, गीता, डॉ रश्मि लता, विमलेश, संगीता, पुष्पा, सरला, सीमा, मधु, मुस्कान, अंजिता, रिशु, निशा, अपर्णा, आरती, लता, अक्षत, अनिरुद्ध, मुस्कान, शाहिद उपस्थित थे।



कृतांक्षा एवं पम्पी गुम्बर



प्रीति सलूजा, श्रद्धा खंडूजा, सोना



मीना गुम्बर, चिंकी गुम्बर दत्त, ऋचा गुम्बर, भाविका गुम्बर।



रामावर्ल्ड में सुहागिनों ने की करवाचौथ की पूजा। यहां डॉक्टर पिंकी जैसवानी, सपना जायसवाल, अभिनव जुनेजा, आकांक्षा ठाकुर, सुमन जायसवाल, मंजूषा भारद्वाज आदि शामिल थीं।



नेहरू नगर में शुभांगी प्रीति गुप्ता, आम्रपाली सोमावार, संगीता अनेवार,अल्का सिंह,सोनम ध्रुव ने साथ मिलकर करवाचौथ की पूजा की।



आदर्श कालोनी में अंजू, नेहा, श्रेयांशी, दीपाली दुआ, दामिनी, बिन्नी सलूजा, रश्मि पूनम, आराधना सलूजा, श्वेता आहूजा, रानी छाबड़ा, रीतू आहूजा, सोनाक्षी, महिमा, रेखा, चंदा मौजूद थीं।







## खबर संक्षेप

### ग्राम सारधा में अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन



**लोरमी।** ग्राम सारधा में 73वां अखड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। देवी संपद मंडल के विद्वान केशलमरा पंडरिया सत्यव्रत शास्त्री ने प्रवचन में रामायण की महिमा बताते हुए कहा कि, हम लोग भाग्यशाली हैं, जो भारत देश में जन्म लिया है। शास्त्री जी ने कहा कि, हमारे द्वारा किसी को पीड़ा न पहुंचे परोपकार करते रहें। कार्यक्रम में उप्र से पहुंचे मालती देवी की कथा का भी लोग लाभ लेंगे। कार्यक्रम में ग्रामवासी सहित मानस प्रेमी पहुंच रहे है।

### भुसंडी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का समापन



**मुंगेली।** स्व गंगा देवी साहू पति स्व चंदूलाल साहू के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक ग्राम भुसंडी में किया गया। आयोजन के कथा व्यास पंडित सूर्यभान चौबे पंडरभट्ठा वाले एवं परायणकर्ता मनोहर पांडेय एवं उप पुरोहित अरविंद त्रिपाठी थे। मुख्य यजमान के रूप में उमेश कुमार साहू, मंजू साहू उमाशंकर साहू, दुर्गा साहू रहे। कथा के दौरान वासुदेव, यशोदा, सुदामा व बाल कृष्ण की जीवंत झांकी ने श्रध्दालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रवचन में स्वामी ने कहा कि, जीवन में सही दिशा पाने के लिए संकल्प और अनुशासन आवश्यक है। हर बच्चे को अपने माता पिता और गुरू के उपदेशों का पालन करना चाहिए, क्योंकि उनका आशीर्वाद ही सफलता की कुंजी है। उन्होने सत्संग और कीर्तनों में बच्चों को ले जाने की बात कही, ताकि उनमें संस्कार और आध्यात्मिकता का विकास हो सके। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे कथा मे उपस्थित रहे।

### नाबालिग की इंस्टाग्राम फेक आईडी को कराया गया बंद




**मुंगेली।** नाबालिग की इंस्टाग्राम फेक आईडी को पुलिस ने तत्काल बंद कराया। 10 अक्टूबर को नाबालिग बालिका ने थाना सिटी कोतवाली में जानकारी दी कि, उसके नाम से कोई अज्ञात व्यक्ति इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर उपयोग कर रहा है, जिससे वह बहुत परेशान है। इस पर मुंगेली पुलिस ने नाबालिग बालिका के साथ सायबर सेल में जाकर उक्त फेक आईडी को इंस्टाग्राम में रिपोर्ट कर तत्काल बंद कराया। बालिका ने बताया कि, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर चलाए जे रहे अभियान 'पहल' से प्रभावित होकर वह साहसपूर्वक थाना सिटी कोतवाली पहुंची और इंस्ट्राग्राम अपनी अपनी फेक आईडी के संबंध में शिकायत दर्ज कराई। इस पर संज्ञान लेते हुए सायबर सेल व मुंगेली पुलिस ने तत्काल आईडी बंद कराई। बालिका एवं परिजनों ने मुंगेली पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### जुए के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, 7010 रुपए जब्त

**मुंगेली।** पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन बाज के तहत जुआरियों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नकदी सहित 52 पत्ती तास जब्त कर लिय। जिले में जुआ-सट्टा, अवैध शराब सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने ऑपरेशन बाज चला कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम बुंदेली में अलग-अलग स्थानों चल रहे जुए के फड़ पर छापेमार कार्रवाई की। पुलिस ने एक मामले में आरोपी अजय चन्द्राकर, मुकेश चन्द्राकर, जगदीश चन्द्राकर के कब्जे से कुल 3 हजार 760 रूपए जब्त किया। वहीं दूसरे मामले में आरोपी शेर सिंह सोनवानी, उमेश चन्द्राकर एवं राजेश चन्द्राकर के कब्जे से कुल 3 हजार 250 रूपए जब्त किया गया। जुआरियों के कब्जे से कुल 7 हजार 10 रूपए जब्त कर पुलिस ने छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की।

### 70 लीटर महुआ शराब सहित 2250 किग्रा महुआ लाहन जब्त



**लोरमी।** अवैध शराब पर अंकुश लगाने कलेक्टर के निर्देशानुसार आबकारी विभाग ने ग्राम परसवारा के आश्रित ग्राम शिकारीडेरा में दबिश देकर 70 लीटर कच्ची महुआ शराब और 2250 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर लिया। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि, अज्ञात आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में आबकारी वृत्त लोरमी के प्रभारी विशेन चन्द्रवंशी और आबकारी वृत्त मुंगेली प्रभारी जयसिंह मरकाम सहित स्टॉफ के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## निर्जला उपवास रखकर की पति के लंबी उम्र की कामना

# श्रद्धा और उत्साह के साथ करवा चौथ पर सुहागिनों ने रखा व्रत



**हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर**

सुहागन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ करवा चौथ का पावन पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। यह पर्व नारी के अटूट प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। करवा चौथ को लेकर सुबह से ही महिलाओं में उत्साह देखने को मिला।

बाजारों में चूड़ी, साड़ी सहित अन्य श्रृंगार सामग्री और पूजा के सामान की खरीदारी के लिए भीड़ पड़ी। महिलाएं पारंपरिक परिधान, सोलह श्रृंगार और रंगीन पोशाकों में सजी-धजी दिखाई दीं। पंडित जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि, दिनभर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव, माता पार्वती और करवा माता की पूजा-अर्चना की। रात्रि में महिलाओं ने समूहों में एकत्र होकर करवा चौथ की कथा सुनी। चांद निकलने की प्रतीक्षा में महिलाएं सज-धज कर अपने आंगनों और छतों पर एकत्र हुईं।

चाँद के दर्शन के बाद उन्होंने छलनी से चांद को निहारा, फिर अपने पति को देखा और उनके हाथों से जल ग्रहण कर व्रत खोला। हर ओर उल्लास और पारिवारिक प्रेम का वातावरण रहा। करवा चौथ न केवल एक धार्मिक पर्व है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की उस सुंदर परंपरा को भी जीवित रखता है, जो दांपत्य जीवन में प्रेम, त्याग और विश्वास के महत्व को दर्शाती है।

### महिलाओं ने उत्साह के साथ मनाया करवा चौथ का पर्व



**मुंगेली।** नगर सहित अंचल में करवा चौथ का पर्व महिलाओं ने उत्साह के साथ मनाया। सुहागनों ने अपने पति की लम्बी उम्र की कामना करते हुए दिनभर निर्जला व्रत रखा एवं कर चांद निकलते ही पूजा-अर्चना कर व्रत संपन्न किया। महिलाओं ने दिन भर निर्जला उपवास रख रात्रि में पूजा-अर्चना कर अपना व्रत पूर्ण किया। सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना कर करवा चौथ का पूजा-अर्चना करती रहीं। महिलाएं सुबह से ही पर्व की तैयारियां करती रहीं एवं हाथों में मेहंदी व पूर्ण साज श्रृंगार कर रात में चांद निकलने का इंतजार करती रहीं। व्रतियों ने चन्द्रोदय के पश्चात करवा चौथ की पूजा कर चांद को अर्ध्य देकर एवं पूजा-अर्चना कर व्रत खोला। व्रती महिला सावित्री, मंजूरानी ने बताया कि करवा चौथ के दिन यह व्रत सूर्योदय से पहले शुरू होकर रात में चंद्रमा के दर्शन तक पूरा होता है। पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य के लिए निराहार उपवास रखकर शाम को पूजा–अर्चना की जाती है। इस व्रत को आजीवन भी किया जाता है। चांद की सुंदरता को नजर ना लगे इसलिए छलनी का इस्तेमाल करते हैं, फिर पति को भी उसी छलनी से देखते हैं और पति पानी पिलाकर व्रत खोलता है। मान्यता है कि, संकल्प लेने से पति की आयु बढ़ जाती है और महिलाओं को भी अखंड सौभाग्य का वर प्राप्त होता है।

### पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

**लगरा।** करवा चौथ प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। इस वर्ष शुक्रवार को यह पर्व मनाया गया। यह पर्व पति-पत्नि के अटूट प्रेम, समर्पण, त्याग, तपस्या और विश्वास का प्रतीक है। इस अवसर पर सुहागिनों ने पति के लम्बी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ निर्जला व्रत रख कर पूजा-अर्चना कर चन्द्रमा को अर्ध्य देने बाद व्रत का पारण किया। मान्यता है कि इस व्रत को विधिपूर्वक, श्रद्धा भक्ति भाव से करने पर वैवाहिक जीवन में सुख-शाति बनी रहती है।

## शाही संदल में झूमे श्रद्धालु, नानी अम्मा दरगाह से निकला जुलूस



सालाना उर्स के दौरान लगी भीड़।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत**

बाबा सैय्यद इंसान अली के 67वें सालाना उर्स का रंग चरम पर है। उर्स के दूसरे दिन शुक्रवार को हुजूर बाबा सैय्यद इंसान शाह के विसाल की तारीख होने के कारण दरगाह शरीफ में सुबह से ही जायरीनों की भारी उमड़ पड़ी।

इंतेजामिया कमेटी की ओर से दरगाह के खादिमों, पंचायत प्रतिनिधियों, मुस्लिम जमात पदाधिकारियों और सहयोगी नागरिकों का साफा पहनाकर इस्तेकबाल किया गया। जुमा की नमाज में भी जायरीनों की भीड़ लगी, जिसके लिए कमेटी ने विशेष इंतजाम किए थे। दोपहर के बाद खम्हरिया स्थित नानी अम्मी साहिबा की दरगाह से शाही संदल चादर का जुलूस बड़े शान के साथ निकाला गया। ग्राम पंचायत भवन से सरपंच चंद्रमणि मरावी के नेतृत्व में निकले संदल जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### आज सूफियाना कव्वाली से गूंजेगा लुतरा शरीफ

इंतेजामिया कमेटी के चेयरमैन इरशाद अली ने बताया कि, शनिवार की रात देश के मशहूर कव्वाल मुज्तबा अजीज नाजा मुंबई और सूफी ब्रदर्स दिलशाद-इरशाद साबरी राजस्थान अपनी शानदार कव्वाली पेश करेंगे। कार्यक्रम में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। साथ ही जिले के अधिकांश विधायक व कई दिग्गज नेता कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## जिला स्तरीय कला उत्सव के तहत हुई विभिन्न गतिविधियों

**मुंगेली।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल दाऊपारा में जिला स्तरीय कला उत्सव 2025 का आयोजन किया किया। कार्यक्रम संयोजक एवं शाला प्राचार्य डॉ आईपी यादव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि, इस जिला स्तरीय कला उत्सव 2025 प्रतियोगिता में एकल एवं सामूहिक नृत्य, गायन, वादन, नाटक, चित्रकला, रंगोली, कहानी वाचन एवं शिल्पकला-हस्तकला विधा में तीनों विकासखंड के चयनित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया जाएगा।




जिला मिशन समन्वयक अशोक कश्यप ने कहा कि, उत्सव हमें अवसर देता है कि, हम अपनी प्रतिभा, परिश्रम और रचनात्मक सोच को सबके सामने प्रस्तुत कर सकें। नृत्य, संगीत, चित्रकला, नाटक, हस्तकला आदि अनेक विधाओं में हमारे विद्यार्थियों की प्रतिभा झलकती है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार बावरे ने कहा कि, यह उत्सव हमारी प्रतिभा, कला और सृजन की पहचान हेतु अवसर उपलब्ध कराती है। एसएमडीसी अध्यक्ष रामशरण यादव ने कहा कि, यह उत्सव हमें अपनी छिपी प्रतिभाओं को देखने और सीखने का अवसर देता है। उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एकल गायन में सेजेस जरहागांव की छात्रा जया कश्यप, रंगोली में हायर सेकंडरी स्कूल करही से गरिमा, चित्रकला में सेजेस पथरिया से शौर्या गुप्ता, कहानी वाचन में सेजेस दाऊपारा से आदित्य नायक, माइम (नाटक) में सेजेस पथरिया से माही मानिकपुरी एवं साथी, समूह गायन में हायर सेकेंडरी कन्या शाला पथरिया से तुषार एवं साथी, समूह नृत्य में हायर सेकंडरी स्कूल नवागांव ची से यशवंत एवं साथी, वादन में सेजेस पथरिया से चंद्रभान साहू, एकल नृत्य में सेजेस पथरिया से विभा साहू एवं पल्लवी श्रीवास सेजेस लोरमी ने शिल्पकला-हस्तकला में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## एनटीपीसी में राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

**सीपत।** एनटीपीसी सीपत के सौजन्य से सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत सब जूनियर बॉयज अंतर जिला राज्य फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 का शुभारंभ शुक्रवार शुक्रवार 10 अक्टूबर को भव्य रूप से किया गया।

कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। चार दिवसीय यह चैंपियनशिप 10 से 13 अक्टूबर तक चलेगी, जिसमें दुर्ग, रायपुर और नारायणपुर जिलों के कुल 54 उभरते हुए फुटबॉल खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता से चयनित 30 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। एनटीपीसी सीपत की ओर से चयनित खिलाड़ियों को 14 से 23 अक्टूबर तक आयोजित कोचिंग कैंप में



फुटबॉल किट, आवास, भोजन सहित अन्य खेल सुविधाएं पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। श्री पाण्डेय ने कहा कि, एनटीपीसी सीपत केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के युवाओं की खेल ऊर्जा को भी प्रज्वलित करने का कार्य कर रही है। हमारा लक्ष्य राज्य से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करना है। एनटीपीसी सीपत 2016 से अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से यह आयोजन कर रही है। यह अभियान राज्य के ग्रामीण और शहरी युवाओं को खेल के माध्यम से आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना की दिशा में अग्रसर कर रहा है।

## जेएमपी कॉलेज मैदान में लगेगा पटाखा बाजार, दिशा-निर्देश जारी



**तखतपुर।** नगर के बालक हाई स्कूल मैदान में बारिश के कारण पानी भरा हुआ है, जिसके कारण विधायक धर्मजीत सिंह ने पटाखा व्यापारियों की मांग पर जेएमपी कॉलेज में फटाका दुकान लगाने की सहमति दी है। विधायक ने अधिकारियों को उक्त स्थान पर व्यवस्थित रूप से दुकान लगाने के लिए निर्देश दिए, जिसके बाद एसडीएम नितीन तिवारी ने पटाखा व्यापारियों की बैठक लेकर जेएमपी कॉलेज में दुकान लगाने के दिशा-निर्देश दिए। फटाका दुकानों में अग्निशामक यंत्र, प्रत्येक दुकान के सामने बाल्टी में रेत और एक बाल्टी में पानी रखने, दुकानों के बीच अंतर, सुरक्षा उपाए के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने, दुकान के आसपास आतिशबाजी ना करने एवं सुरक्षा उपाए के लिए नगर पालिका को प्रतिदिन पानी टेंकर लगाने और साफ-सफाई रखने के लिए निर्देश दिए गए। इस अवसर पर तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला, नायब तहसीलदार अनिरुद्ध तिवारी, वरुण सिंह, विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी, टेकचंद कारड़ा, शत्रुहन देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, नेमी चंद कश्यप, दीपक निर्मलकर, मुकेश गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## दुर्गावती गर्ल्स कॉलेज में मना मानसिक स्वास्थ्य दिवस



**तखतपुर।** रानी दुर्गावती कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत आपदा और आपातकाल की स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ शुभदा रहालकर ने की। उन्होंने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, विशेषकर संकट की घड़ी में इससे जुड़े पहलुओं की जानकारी साझा की। उन्होंने यह भी बताया कि, मानसिक स्वास्थ्य अब केवल चिकित्सा का विषय नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक जागरूकता और संवेदनशीलता का विषय बन चुका है। इस अवसर पर उपस्थित शोभा राम टाइगर, सुरेश कुमार पटेल एवं शशांक सिंह राठौर ने विषय पर अपने विचार प्रकट किए और छात्राओं को मानसिक रूप से सशक्त बनने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े संसाधनों की सहज उपलब्धता की आवश्यकता पर बल दिया।

## वृद्धाश्रम रामगढ़ में लगा विधिक जागरूकता शिविर



**मुंगेली।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की अध्यक्ष गिरिजा देवी मेरावी के मार्गदर्शन में वरिष्ठ नागरिकों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनके अधिकारों की जानकारी देने के उद्देश्य से वृद्धाश्रम रामगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कंचनलता आचला ने वरिष्ठ नागरिकों से संवाद करते हुए मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि, संतुलित जीवन शैली, नियमित ध्यान एवं योगाभ्यास से मानसिक तनाव को कम किया जा सकता है। शिविर में उपस्थित वृद्धजनों को मानसिक रोग, अवसाद एवं मनोवैज्ञानिक समस्याओं के लक्षण और उपचार संबंधी जानकारी दी गई। जिला चिकित्सालय के डॉ संजय ओबेरॉय ने वरिष्ठ नागरिकों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और सक्रिय जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।

## कलेक्टर ने ली एग्रीस्टेक पंजीयन के संबंध में जानकारी

# धान खरीदी से पूर्व तैयारियां दुरुस्त करने के निर्देश

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में आगामी धान उपार्जन सीजन 2025-26 की तैयारियों एवं एग्रीस्टेक पंजीयन की प्रगति के संबंध में समिति प्रबंधकों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में उन्होंने कहा कि, धान खरीदी से पूर्व सभी उपार्जन केंद्रों में चेकलिस्ट के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर बायोमेट्रिक डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, नमी मापक यंत्र तथा सुरक्षा व्यवस्था की पूर्ण तैयारी करने के साथ ही उपार्जन केंद्रों का चयन समतल भूमि पर करने और पानी निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के




निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, खरीदी प्रक्रिया में जीरो शॉर्टेज सुनिश्चित करें और बाहरी धान की खरीदी न हो, इसके लिए विशेष सावधानी बरती जाए। उन्होंने खरीदे गए धान की सुरक्षा, भंडारण और रिकॉर्ड अद्यतन करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अपर कलेक्टर जीएल यादव, सहायक आयुक्त सहकारिता हितेश श्रीवास, खाद्य अधिकारी हुलेश डड़सेना, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, सीसीबी नोडल अधिकारी संतोष सिंह सहित सभी समितियों के प्रबंधक मौजूद रहे।

### धान खरीदी में पारदर्शिता और जीरो शॉर्टेज पर जोर

जिले में इस वर्ष 66 समितियों के माध्यम से 105 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी। कलेक्टर ने धान खरीदी में पारदर्शिता रखने और जीरो शॉर्टेज पर जोर देते हुए समिति प्रभारियों को अपनी वित्तीय स्थिति को दुरुस्त रखने एवं लेखा-जोखा अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, खरीदी प्रक्रिया में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बेहतर प्रदर्शन करने वाली समितियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने एकीकृत किसान पोर्टल में कैरी फॉरवर्ड कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### एग्रीस्टेक किसानों के लिए डिजिटल पहचान

बैठक में एग्रीस्टेक पंजीयन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर ने कहा कि, एग्रीस्टेक किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहचान पत्र है, जिससे अब किसानों को राजस्व रिकॉर्ड के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

## समर्थकों ने उत्साह के साथ मनाया राजू का जन्मदिन



**तखतपुर।** पूर्व विधायक एवं ससंदीय सचिव राजू सिंह क्षत्री का जन्मदिन उनके समर्थकों ने उत्साह के साथ मनाया। सुबह से ही उन्हें बधाई देने वाले उनके निवास पहुंचते रहे, और यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। राजू सिंह क्षत्री ने कहा कि, हमारा और आप सभी का संबंध एक विशुद्ध निजी संबंध है, और यह भाईचारा और प्रेम बना रहे। आप लोगों ने जिस उत्साह के साथ मुझे जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है, उसके लिए मैं आप सब का आभारी हूं। इस अवसर पर पूर्व विधायक चोवादास खाण्डेकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष तरूण खांडेकर, नाजिर जायसी, जनक सिंगरौल, भोलू अग्रवाल, जाकिर जायसी, प्रितुल केशरवानी, हीरादास मानिकपुरी, खेल कुमार लहरे, न्यायधीस मिरी, अखिलेश साहू, मनोज सोनकर, राजेश सोनी, अशोक ठाकुर, अजय देवांगन, करीम कुरैशी, सुनील जांगड़े, धनंजय सिंह, आकाश ठाकुर, उमर कुरैशी, अजय पाण्डेय, निरंजन सिंह, बबलू पटेल, सुरेंद्र प्रधान, शैलेंद्र प्रधान, लखन लाल धनकर, जय दुबे, रफीक ऐबानी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आयकर आयुक्त ने की चेरिटेबल ट्रस्ट के योगदान की सराहना



**बिलासपुर।** आयकर आयुक्त (छूट) भोपाल के दिशा निर्देश पर सीए आडिटोरियम भवन में संयुक्त आयकर आयुक्त (छूट), रायपुर के मार्गदर्शन में चेरिटेबल ट्रस्ट के संबंध में सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान आयकर अधिनियम में चेरिटेबल ट्रस्ट से संबंधित विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा की गई। सम्मेलन में संयुक्त आयकर आयुक्त (छूट), मोहल अग्रवाल ने चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्र-योगदान में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। चेरिटेबल ट्रस्ट से संबंधित आयकर अधिनियम में दिए गए प्रावधानों का अनुपालन करने का आग्रह किया। ताकि वे नियमानुसार छूट का लाभ ले सकें। इसके साथ ही संयुक्त आयकर आयुक्त (छूट) द्वारा सीए तथा ट्रस्ट प्रतिनिधियों से अपने ट्रस्ट को किसी भी प्रकार के राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में सम्मिलित नहीं करने का अनुरोध किया। अन्य वक्ताओं में आयकर अधिकारी (छूट), बिलासपुर पीडी सिंह द्वारा ट्रस्ट के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। सम्मेलन के दौरान सीए और ट्रस्ट के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों और समस्याओं का समाधान किया गया।

### गायक पं छन्नू लाल मिश्र की सांगीतिक योगदान को याद किया गया



**बिलासपुर।** शास.बिलासा कन्या महाविद्यालय के संगीत विभाग में बनारस घराने के मूर्धन्य शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय संगीत के गायक पं छन्नू लाल मिश्र के सांगीतिक योगदान को याद करते हुए उन्हें संगीतिक श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य डॉ एस. आर. कमलेश के संरक्षण एवं डॉक्टर हरिणी आगर की उपस्थिति में कल्याण थॉट के रागों पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ. एल. के. वर्मा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ ने यमन, भूपाली, केदार, कमोद, हमीर आदि रागों पर व्याख्यान दिए। इन रगों में प्रचलित फिल्म गीतों को भी बताया गया। राग आधारित फिल्मी गीतों का प्रभाव भी बताया गया जैसे राग यमन में चंदन सा बदन, दीप जले आना आदि फिल्मी गानों की भी प्रस्तुति दी गई। उनके साथ तबला संगति, संगीत विभाग के प्राध्यापक डॉ राज कुमार शर्मा ने दी। समापन पर डॉ राज कुमार शर्मा द्वारा पंडित छन्नूलाल के सांगीतिक योगदान को पर प्रकाश डाला।

### उर्दू विभाग में बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक एवं अतिथि व्याख्यान का आयोजन



**बिलासपुर।** बिलासा कन्या महाविद्यालय के उर्दू विभाग में बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभागीय पाठ्यक्रम एवं शैक्षणिक दिशा-निर्देशों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का भी आयोजन किया गया, जिसमें उर्दू साहित्य के प्रतिष्ठित विद्वानों को आमंत्रित किया गया।
कार्यक्रम में शायर डॉ. एजाज़ परवेज़ शमीम एवं शायर अज़ीज़ विशिष्ट अतिथि रहे। इन विद्वानों ने छात्राओं को उर्दू शायरी की परंपरा, सौंदर्यशास्त्र एवं समकालीन प्रवृत्तियों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अपनी स्वरचित रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उर्दू विभाग की अध्यक्ष डॉ. एचआर आगर ने छात्राओं को शिक्षा के नए अवसरों एवं उर्दू साहित्य में संभावनाओं की जानकारी दी। डॉ. शाजिया अली ने उनके योगदान को सराहा और छात्राओं को साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी देने प्रेरित किया।

### जगमल चौक से गोल बाज़ार जूना बिलासपुर की सड़क के डामरीकरण की मांग



**बिलासपुर।** जगमल चौक से गोल बाज़ार जूना बिलासपुर की मुख्य मार्ग बहुत ही अधिक खराब है। आए दिन रिक्शा, वाहन, कार पलट जाते हैं। पब्लिक को भारी चोट लगती हैं। बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। सड़क की तत्काल डामरीकरण की मांग को लेकर जूना बिलासपुर व्यापारी संघ अध्यक्ष रमेश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने कलेक्टर संजीव अग्रवाल से मुलाक़ात की। संबंधित अधिकारी से रोड बनाने के लिए निर्देश जारी करने की मांग की गई।

### आई तुलजा भवनी मंदिर में भेंट किए जीजा माता, शिवाजी, शंभाजी की छाया चित्र



**बिलासपुर।** आई तुलजा भवानी मंदिर कुदुदण्ड में आयोजित कार्यक्रम में ढोल ताशा पथक शिव म्हलार बेंगलौर के गिरीश गोवर्धन ने जीजा माता, शिवाजी व शंभाजी की छाया चित्र भेंट की। इस मौके पर विद्या गोवर्धन, शशांक चौहान सहित समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

**2024 की फाइनल लिस्ट में 10 वीं में 73 व 12 वीं में हैं 23 टापर्स** | **हेलीकाप्टर की सैर भी नहीं हो सकी, शासन को भेजा गया है प्रस्ताव**

# मेरिट में आने वाले बोर्ड के 200 छात्रों को सम्मान का इंतजार, साल भर बाद भी नहीं मिली राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीजी बोर्ड 2024 के 96 टॉपर्स के खाते में अब तक डेढ़-डेढ़ लाख रुपए नहीं आए हैं और सालभर से वे इंतजार कर रहे हैं। दरअसल सरकार के प्रोत्साहन योजना के तहत यह राशि उन्हें दी जाती है। इसके लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है लेकिन अब तक यह आयोजन ही नहीं हो सका है। अधिकारी भी नहीं बता पा रहे हैं कि यह कार्यक्रम कब होगा। इसके साथ ही पुराने टॉपर्स के अलावा इस साल के सौ से अधिक टॉपर्स को भी इसका इंतजार है।

ज्ञात हो कि सीजी बोर्ड परीक्षा 2024 के नतीजे मई-जून में जारी हुए थे। तब टॉपर्स की अस्थाई मेरिट लिस्ट जारी की गई थी। सितंबर 2024 में फाइनल मेरिट लिस्ट आई थी। इसके अनुसार दसवीं में 73 और बारहवीं में 23 टापर्स हैं। प्रावधानों




के मुताबिक अस्थाई लिस्ट में जिनका नाम आता है वह फाइनल लिस्ट में भी रहता है। इस तरह से सालभर से टॉपर्स सम्मान समारोह का इंतजार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सीजी बोर्ड एग्जाम 2025 में सौ से अधिक टॉपर्स है। पिछली बार सम्मान समारोह 2023 में आयोजित किया गया था।

### पुनर्मूल्यांकन के बाद फाइनल लिस्ट भी जारी

इससे पहले दसवीं-बारहवीं सीजी बोर्ड परीक्षा 2023 के नतीजे मई-जून में जारी हुए। तब टॉपर्स की अस्थाई मेरिट लिस्ट जारी की गई। इसमें दसवीं में 48 और बारहवीं में 30 टॉपर्स थे। सम्मान समारोह के साथ हेलिकॉप्टर की सैर भी कराई गई। इन छात्रों के अलावा विशेष जाति के 10 छात्रों के लिए सम्मान समारोह हुआ। इस बार हेलीकॉप्टर की सैर को लेकर भी संशय की स्थिति बनी है।

### सम्मान के साथ मिलती है प्रोत्साहन राशि

गौरतलब है कि जिस योजना के तहत सम्मान किया जाता है और प्रोत्साहन राशि मिलती है उसका नाम कुछ महीने पहले बदला गया है। इसे फिर पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना किया गया। दरअसल, 2017 में छत्तीसगढ़ सरकार ने इस योजना का नाम पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना करने के निर्देश दिए थे। 2019 में इसमें संशोधन करते हुए इसका नाम स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना किया गया। इसके बाद इसमें फिर संशोधन हुआ।

### चर्चा चल रही है

माध्यमिक शिक्षा मंडल के मुख्यालय स्तर पर इस बारे में चर्चा चल रही है। सम्मान समारोह की तारीख को लेकर शासन को प्रस्ताव गया है। वहां से निर्देश जारी होने के बाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

- संगीता गंगोत्री, संभागीय अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मंडल

**राज्य मानसिक अस्पताल सेंदरी में संगोष्ठी का आयोजन**

# मानसिक तनाव से बचने युवाओं को दूसरी संभावनाएं तलाशने का प्रयास करना चाहिए





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी में मानसिक स्वास्थ्य पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मनोरोग चिकित्सक डॉ आशुतोष तिवारी ने बताया कि समय तेजी से बदल रहा है, परिजनों की आशाएं बच्चों से बहुत बढ़ गई है, जिसके कारण वे अपने बच्चों की तुलना दूसरों के बच्चों से करने लग जाते हैं। जिसके कारण बच्चों एवं युवा वर्ग में अवसाद एवं अन्य मानसिक बीमारियां बढ़ती जा रही है तथा चिकित्सालय में मिलने वाली ईलाज के संबंध में जानकारी दी गई। अस्पताल अधीक्षक डॉ. जेपी आर्य ने मानसिक तनाव के मूलभूत कारणों को बताते हुए कहा की अधिकांशतः युवा वर्ग नौकरी, प्यार में असफलता जैसे समस्याओं के शिकार हो जाते हैं, इससे बचने के लिए युवाओं को दूसरी संभावनों को तलाशने की प्रयास करना चाहिए। साथ ही जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित होने से यह एक जीवनकारक हस्तक्षेप है, जो दीर्घकालिक नुकसान को रोकता है। उक्त कार्यक्रम में चिकित्सालय के समस्त चिकित्सक, नर्सिंग अधीक्षिका, समस्त नर्सिंग सिस्टर, सायकेट्रीक नर्स, पैरामेडिकल स्टॉफ आदि उपस्थित थे।

### सिम्स में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सिम्स के मनोरोग विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष डब्ल्यूएचओ द्वारा सेवाओं तक पहुंच- आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य की थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिम्स महाविद्यालय के डीन डॉ रामनेश मूर्ति, विशिष्ट अतिथि डॉ लखन सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ भूपेंद्र कश्यप, डॉ मधुमिता मूर्ति थी। अन्य अतिथियों में डॉ आरती पाण्डेय, डॉ अमित श्रीवास्तव, डॉ राकेश नहरेल, डॉ शिक्षा जांगड़े थे। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन सिम्स महाविद्यालय में किया गया। जिसमे डीन ने रैली को हरी झंडी दिखाई। रैली में सिम्स महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं नर्सिंग कालेज की छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। लोगो को मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्रदान की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में डॉ सुजीत नायक ने बांसुरी वादन एवं तबले पर डॉ सुधांशु भट्ट ने प्रस्तुति दी। डीन डॉ रामनेश मूर्ति द्वारा प्राकृतिक आपदा, महामारी, युद्ध जैसी परिस्थिति में मानसिक स्वास्थय के महत्त्व एवं उपयोगिया के बारे में विचार साझा किया गया। डॉ राकेश जांगड़े, डॉ अंकिता खरे ने भी अपने विचार रखें। संदीपनी नर्सिंग कालेज के छात्राओं ने नाट्य मंचन किया गया।

# संयुक्त राष्ट्र संघ में जस्टिस विवेक तन्खा के हाथों स्कूली छात्रों को मिला सम्मान



**बिलासपुर।** संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रांगण में हिंदी दिवस का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें 115 देशों के राजदूत उपस्थित रहे। जस्टिस विवेक तन्खा ने कहा कि पूरे विश्व में हिंदी भाषा का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने स्कूली छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। यह सम्मान भारत के लिए गौरव का विषय है।

■ हिंदी दिवस के आयोजन में हुए शामिल

इस गौरवशाली उपलब्धि पर बिलासपुर के समाजसेवी एस.पी. चतुर्वेदी, सी.एम. दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे सहित शहर के अनेक वरिष्ठ अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों एवं बुद्धिजीवियों ने जस्टिस श्री तन्खा को शुभकामनाएं प्रेषित की है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि "जस्टिस तन्खा द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंच पर हिंदी के सम्मान की यह पहल भारतीय संस्कृति के स्वाभिमान को पुनः स्थापित करता है। डॉ. संजय दुबे ने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कार की पहचान है। जस्टिस तन्खा यूएनओ के मंच पर उपस्थित हुए। उनका यह सम्मान पूरे भारत वर्ष के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने कहा कि यह सम्मान समूचे न्यायिक, साहित्यिक और सामाजिक समुदाय के लिए गर्व की बात है। यह आयोजन न केवल हिंदी भाषा की वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक विरासत के प्रसार का भी प्रमाण है।



### उन्मुखीकरण कार्यशाला में संस्कृत के 176 व्याख्याता शामिल हुए

**बिलासपुर।** मिशन 90 प्लस योजना के तहत जिले के परिणाम को 90 प्रतिशत से अधिक लाने के उद्देश्य से उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सेजेस महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया, जिसमें जिले के संस्कृत विषय के 176 व्याख्याता उपस्थित रहे। कार्यशाला में डीईओ विजय टांडे, रामेश्वर जायसवाल, जितेंद्र खोबरागड़े उपस्थित रहें। डीईओ श्री टांडे ने सभी को बेहतर रिजल्ट के लिए अभी से मिशन 90 प्लस की योजना अनुसार कार्य करने प्रेरित किया। प्रवीण सूची में जिले के छात्रों को अधिक से अधिक अंक लाने के लिए जिला स्तर पर योजना के संबंध में कलेक्टर द्वारा दिए निर्देश से अवगत कराया। शिक्षकों बेहतर रिजल्ट के लिए प्रेरित करने शिक्षाविद किरण चांवल को भी आमंत्रित किया गया था। श्री चावला ने विभिन्न उदाहरण एवं घटनाओं के आधार पर शिक्षकों को मोटिवेट किया। रोचक गतिविधियों से टीचर को बेहतर रिजल्ट कैसे लाया जा सकता है बताया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ जी अश्वनी, प्राचार्य अरविंद कौशिक, राजेन्द्र श्रीवास्तव, राजेश भेदी, राजेन्द्र चंद्रकांत, राज कुमार तिवारी ने विषय पर उन्मुखीकरण व्याख्यान प्रस्तुत किया गया साथ ही कक्षा दसवीं एवं 12वीं में अच्छे अंक प्राप्त करने मार्ग प्रशस्त किया। कार्यशाला का संचालन डॉ मनीराम कौशिक ने किया।

**विवि जारी करेगा ऑटोनामस का नोटिफिकेशन**

# डीपी कालेज को ऑटोनामस का दर्जा देने का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को कार्यपरिषद की आपात बैठक वर्चुअल हुई, जिसमें प्रमुख रूप से डीपी विप्र कालेज को ऑटोनामस का दर्जा दिए जाने का मुद्दा छाया रहा। कार्यपरिषद सदस्यों को इस संबंध में राजभवन से आए पत्र से भी अवगत कराया गया। न्यायालय से तो पहले ही कालेज के पक्ष में निर्णय आ चुका है, इसलिए कार्यपरिषद ने डीपी कालेज को ऑटोनामस का दर्जा प्रदान करने का फैसला लिया है।

■ सालभर से यूनिवर्सिटी व कालेज के बीच चल रहा था विवाद

कार्यपरिषद की वर्चुअल बैठक में डीपी विप्र कालेज के पक्ष में फैसला आया है। इस फैसले के बाद अब यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा डीपी विप्र कालेज को ऑटोनामस घोषित करने संबंधी नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। अटल यूनिवर्सिटी में आज कार्यपरिषद की आपात बैठक रखी गई थी, जिसमें कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी व रजिस्ट्रार डॉ. तार्णिश गौतम समेत कार्य परिषद के अन्य सदस्य शामिल हुए। बैठक में प्रमुख रूप से डीपी विप्र कालेज के ऑटोनामस मामले को लेकर राजभवन के पत्र से अवगत कराया गया और उसके बाद ऑटोनामस घोषित करने का फैसला लिया गया। क्योंकि पिछले कार्यपरिषद की बैठक में भी ऑटोनामस के विषय पर चर्चा हुई थी और यह कहा गया था कि राज्यपाल के सचिव आर प्रसन्ना द्वारा डीपी विप्र कालेज का निरीक्षण किया गया, उसकी रिपोर्ट आ जाए, उसके बाद ऑटोनामस के मुद्दे पर निर्णय लिया जाएगा।

### ऑटोनामस संबंध में राजभवन से आया था पत्र

प्राप्त जानकारी के अनुसार डीपी विप्र कालेज को स्वायत्त शासी कालेज घोषित करने के संबंध में राज्यपाल के अवर सचिव के हस्ताक्षर से राजभवन से पत्र आया था। इसमें कहा गया है कि राज्यपाल के सचिव द्वारा 5 अगस्त 2025 को डीपी विप्र कालेज का भ्रमण किया गया था, जिसमें पाया गया कि कालेज नैक से ए-ग्रेड रैकिंग प्राप्त है। कालेज में टीसीसीसी सेंटर, इमरजेंसी क्लिनिक रूम, क्लास रूम, सीसीटीवी, ई क्लास रूम, निःशुल्क इंटरनेट सुविधा एवं कंप्यूटर लैब, ग्रंथालय, वर्चुअल लाइब्रेरी की सुविधा, एनसीसी, एनएसएस इकाई संचालित है एवं खेलकूद गतिविधियों के लिए स्पोटर्स आफिसर है। कालेज में संचालित साइंस, फिजिक्स, इलेक्ट्रानिक्स, हिन्दी, इंग्लिश, अर्थशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, इतिहास विभाग में शिक्षक एवं विभागाध्यक्ष कार्यरत है। इसलिए डीपी विप्र कालेज को स्वायत्त शासी कालेज का दर्जा प्रदान, अधिसूचित किए जाने आवश्यक कार्रवाईकर सचिवालय को अवगत कराएं।

### हाईकोर्ट से पहले ही कालेज के पक्ष में निर्णय

डीपी विप्र कालेज को यूजीसी द्वारा ऑटोनामस की मान्यता प्रदान कर दी गई है किन्तु एयू अधिसूचना जारी नहीं की। इस मामले को लेकर डीपी विप्र कालेज हाईकोर्ट गई थी और हाईकोर्ट ने विवि के आपत्ति को खारिज करते हुए 8 मई 2025 को फैसला दिया था, जिसमें कालेज को 30 दिनों के भीतर स्वायत्त शासी घोषित करने कहा गया था। सिंगल बेंच के इस आदेश को अटल यूनिवर्सिटी ने उच्च न्यायालय के डिवीजन बेंच में अपील की थी। डिवीजन बेंच ने भी यूनिवर्सिटी की अपील खारिज करते हुए डीपी विप्र कालेज को ऑटोनामस की अधिसूचना जारी करने का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय के डिवीजन बेंच का यह फैसला 30 जून 2025 को आया था। यूनिवर्सिटी ने डीपी कालेज को स्वायत्त शासी घोषित करने अधिसूचना जारी नहीं की थी।

### लिया गया है निर्णय

यूनिवर्सिटी में आज कार्यपरिषद की आपात बैठक हुई थी। बैठक में डीपी विप्र कालेज के विषय पर चर्चा हुई और कालेज को आटोनामस घोषित करने अधिसूचना जारी करने का निर्णय लिया गया है।

-डॉ. तार्णिश गौतम, रजिस्ट्रार, एयू

# अपनामार्ट पर होलसेल हफ्ता के बाद दिवाली ऑफर




**बिजनेस प्लस**

**बिलासपुर।** होलसेल हफ्ता की शानदार सफलता और आगामी त्यौहारों की खुशियों को देखते हुए अपनामार्ट ने इस बार दिवाली सेल का आयोजन किया है, जिससे ग्राहकों को भरपूर लाभ मिलेगा। 12 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक अपनामार्ट ने एक के बाद एक कई शानदार ऑफर्स का तांता लगा दिया है।

अपनामार्ट के प्रवक्ता मनीष अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान ग्राहकों को 299 की शॉपिंग पर फ्री लक्ष्मी पन्ना मिलेगा, वहीं 1000 की शॉपिंग पर 50 का डिस्काउंट भी दिया जाएगा। इसके साथ ही 1500 की खरीद पर ग्राहकों को 100 का डिस्काउंट मिलेगा और साथ ही 19 में झाड़ू भी दी जाएगी। अगर ग्राहकों ने 2000 की खरीदारी की, तो उन्हें 100 का तुरन्त डिस्काउंट मिलेगा। अगले 1000 की शॉपिंग पर फिर से 100 का डिस्काउंट मिलेगा। इतना ही नहीं अक्टूबर में कुल 4000 की शॉपिंग करने पर ग्राहकों को चांदी का सिक्का या मिल्क सॉसपैन सिर्फ़ 1 में मिलेगा। इन शानदार ऑफर्स को लेकर ग्राहकों में उत्सुकता और जोश साफ़ तौर पर नजर आ रहा है। श्री अग्रवाल ने बताया कि ग्राहकों ने अपने प्यार और विश्वास के साथ अपनामार्ट को शहर का सबसे विश्वसनीय शॉपिंग मार्ट बना दिया है। उन्होंने कहा कि दिवाली के इस खास मौके पर प्रस्तुत किए गए ऑफर्स, उनके प्यार और स्वीकृति के बदले अपनामार्ट का एक छोटा सा अभिवादन है। जिससे हम उनके साथ जुड़ने का एक और मौका पा रहे हैं।

**नए विस भवन का उद्घाटन समारोह, दिवंगत विधायकों के परिजन भी होंगे शामिल**

# जिले के 1956 से अब तक के सारे विधायकों को न्यौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नया रायपुर में बने छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन का उद्घाटन समारोह 1 नवंबर राज्य स्थापना दिवस को आयोजित होना है। इस दौरान मध्यप्रदेश के स्थापना काल 1956 से जिले से निर्वाचित सभी विधायकों को इस समारोह में न्यौता दिया जाना प्रस्तावित है।।

■ विधानसभा सचिवालय ने मांगी नाम, पते व मोबाईल नंबरों की जानकारी

इस संबंध में विधानसभा सचिवालय द्वारा कलेक्टर को पत्र भेजकर 1956 से अब तक निर्वाचित जिले के सभी विधायकों व मृत होने की दशा में उनके परिजन के नाम, पते व मोबाइल नंबर की जानकारी चाही गई है, ताकि सभी को न्यौता भेजा जा सके। छत्तीसगढ़ के नए



विधानसभा भवन का निर्माण नया रायपुर में पूर्ण किया जा चुका है, वहीं एक नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर भवन के उद्घाटन समारोह की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस समारोह में वर्ष 1956 से बिलासपुर जिले से निर्वाचित विधायकों को भी आमंत्रण दिया जाना है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय द्वारा कलेक्टर को पत्र भजा गया है। पत्र में कहा गया है कि मध्यप्रदेश राज्य की स्थापना वर्ष 1956 में की गई थी। छत्तीसगढ़ चूंकि मध्यप्रदेश का अभिन्न अंग रहा है, जिससे अविभाजित मध्यप्रदेश के दौरान वर्ष 1956 से निर्वाचित विधायकों को भी विधानसभा के नए भवन के उद्घाटन समारोह में आमंत्रण दिया जाना है।

पत्र के माध्यम से सारे विधायकों के नाम, पते एवं मोबाइल नंबरों की जानकारी चाही गई है। पत्र में मृत विधायकों के परिजन की भी जानकारी मांगी गई है, जो उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किए जाएंगे। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग को जिम्मेंदारी सौंपी गई है। विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद के विधायकों की जानकारी तो आसानी से जुटा ली गई है, लेकिन मध्यप्रदेश के जमाने में विशेषकर 60 से 80 के दशक के विधायकों या उनके परिजन की जानकारी जुटाने में विभाग को परेशानी हो रही है।

### जानकारी भेजने की हो रही तैयारी

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित करने हेतु जिले के 1956 से अब तक के विधायकों व मृत होने की दशा में उनके परिजन के नाम, पते व मोबाईल नंबरों की जानकारी विधानसभा सचिवालय द्वारा चाही गई है। जानकारी जुटाकर भेजने की तैयारी की जा रही है।

–एमके नेताम, उपसंचालक, जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

## खबर संक्षेप

### प्रदेश भर में होगी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

तखतपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन छत्तीसगढ़ के सभी जिले व ब्लॉक के महाविद्यालय एवं समस्त स्कूलों में किया जाएगा। उक्त परीक्षा का समय 11:30 से दोपहर 1:00 तक निर्धारित किया गया है। गायत्री परिवार के वरिष्ठ स्वयंसेवक नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि इसी क्रम में स्थानीय तखतपुर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा मैं भाग लेंगे। परीक्षा की तैयारी गायत्री शक्तिपीठ विनोबा नगर बिलासपुर में कार्यालय प्रभारी श्री राम गोपाल कश्यप एवं दिनेश सिंह राजपूत एवं सहयोगी परिजनों द्वारा की जा रही है।

### दुपहिया चालक ने आरक्षक को मारी टक्कर, मामला दर्ज

तखतपुर। सकरी बटालियन में पदस्थ आरक्षक साहूकार जोशी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 अक्टूबर को वे दुपहिया सीजी 10 बीटी 1720 से अपनी पत्नि के साथ इलाज कराने के बाद बिलासपुर जा रहे थे। शाम 6 बजे खपरी रंजीत ढाबा के के पास दुपहिया सीजी 10 ईक्यू 9619 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें ठोकर मार दी। शिकायत पर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ 125, ए 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### पैसों के हिसाब को लेकर दो पक्षों में गाली-गलौज, मारपीट

तखतपुर। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नगोई निवासी प्रार्थी शिवचरण यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9, अक्टूबर की शाम 7 बजे महामाया मंदिर में अपने साथियों के साथ बैठ कर हिसाब-किताब कर रहा था। इसी दौरान सरजू कौशिक ने सस्ते में सामान देने की बात पर हुए गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। वहीं सरजू कौशिक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, हिसाब-किताब के दौरान शिवचरण यादव आया और जल्दी पैसे का हिसाब दो बोल कर हुए गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने एक-दूसरे की रिपोर्ट पर दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## निधन

### कृष्ण कुमारी उपाध्याय



मुंगेली। ग्राम बहरपुर वाले स्व गेंदलाल उपाध्याय की धर्मपत्नी कृष्ण कुमारी उपाध्याय का 78 वर्ष की आयु में शुक्रवार शाम 7.30 बजे निधन हो गया। वे चंद्रप्रकाश उपाध्याय तथा एसएनजी कालेज के प्रोफेसर जेपी उपाध्याय, बृजेश उपाध्याय व अखिलेश, ओमप्रकाश उपाध्याय की माता थीं। वे अपने पीछे 5 पुत्र व 1 पुत्री समेत भरापूरा परिवार छोड़ गईं। उनका अंतिम संस्कार 11 अक्टूबर शनिवार को गृह ग्राम बहरपुर में सुबह 10 बजे किया जाएगा।

### गिरजानंद शर्मा



बिलासपुर। ग्राम बोईरपारा निवासी पंडित गिरजानंद शर्मा पिता स्व. भूरे प्रसाद शर्मा का शुक्रवार 10 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में शनिवार 11 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे होगा। वे स्व.गोपाल शर्मा, स्व.सतानंद शर्मा, स्व.गजानंद शर्मा, स्व.विद्यानंद शर्मा और श्यामानंद शर्मा के भाई व पंडित अनिल शर्मा और पत्रकार सुनील शर्मा के पिता थे।

### अब तक हो चुका है 1 लाख 5 हजार 360 का पंजीयन

# सांसद खेल महोत्सव के लिए फंड नहीं अन्य मदों से जुटाई जा रही राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



केन्द्रीय राज्यमंत्री के लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिकों में खेल भावना विकसित करने एवं खेलों से जोड़कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में सांसद खेल महोत्सव शुरू होने जा रहा है। लेकिन खास बात यह है कि, इसके लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पास कोई फंड नहीं है।

विगत दिनों अधिकारियों व केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के बीच हुई बैठक में फंड की व्यवस्था खेल महोत्सव कराने की बात कही गई थी। लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत हो रहे सांसद खेल महोत्सव के लिए कुल 1 लाख 5 हजार 360 का पंजीयन हो चुके हैं। मुंगेली जिले में कुल 62 हजार 872 प्रतियोगियों ने पंजीयन कराया है, जिनमें मुंगेली विधानसभा से 27 हजार 173, लोरमी विधानसभा से 18 हजार 225, पथरिया विधानसभा से 17 हजार 474 पंजीयन हुए हैं। वहीं बिलासपुर जिले से 42 हजार 488, ने पंजीयन कराया है, जिसमें बेलतरा विधानसभा से 6 हजार 799, बिलासपुर विधानसभा से 6 हजार 596, कोटा विधानसभा से 10 हजार 824, मस्तूरी विधानसभा से 6 हजार 819 तथा तखतपुर विधानसभा से 11 हजार 450 ने पंजीयन कराए गए हैं। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत तिरंदाजी, बोरादौड, नीबू दौड, पैदल दौड, 400 मीटर दौड, रस्साकसी, कबड्डी, बॉलीबॉल, फुटबॉल, रिलेदौड, लंगोरी जैसे खेल आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता ग्राम, जनपद और संसदीय क्षेत्र स्तर पर तीन चरणों में होगी। ग्राम और जनपद स्तर की प्रतियोगिताएं नवंबर में होंगी। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि, यह आयोजन क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक उत्सव की तरह है, जिसमें सभी की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि, स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आयोजन से जोड़ा जाए। खेलों के प्रचार–प्रसार के लिए फ्लैक्स, बैनर, सोशल मीडिया के माध्यमों का उपयोग किया जाए एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग समन्वय बनाकर सभी तैयारियां पूर्ण करें। इस संबंध मे जिला पंचायत के सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने बताया कि, सांसद खेल महोत्सव के लिए फंड नहीं आया है, फिलहान फंड की व्यवस्था की जा रही है।

सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने बताया कि, सांसद खेल महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक हुई, जिसमें बताया गया कि अब तक 1 लाख 400 खिलाड़ियों का पंजीयन हो चुका है। संसदीय स्तर की प्रतियोगिता में करीब 40 लाख खर्च होने का अनुमान है। साथ ही पंचायत स्तर पर राशि लगेगी, इसके लिए भी प्रयास किया जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला पंचायत के विवेकानंद फंड से राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत की राह प्रशस्त कीः सवन्नी




मुंगेली। ऐतिहासिक जीएसटी क्रांति और उससे पहले आयकर की दरों में ऐतिहासिक छूट देकर, सभी तरह के कर कानूनों का सरलीकरण कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत की राह को प्रशस्त की है। ये बातें छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सवन्नी ने पत्रकारों से बातचीत में कही। क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सवन्नी ने पत्रकारों से बातचीत में आगे कहा कि, नागरिकों को राहत, व्यापार सुगमता, कर सरलीकरण का एवं भारत को विकसित बना देश के 150 करोड़ नागरिकों का जीवन आसान बना कर, उनके जीवन को संवारने का ध्येय लेकर मोदीजी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, हम सबको याद है कि हमारे प्रधानमंत्री ने कोरोना की वैश्विक महामारी के समय सबसे पहले आत्मनिर्भर भारत का मंत्र दिया था। उस समय की भयानक आपदा को भी ऐसा अवसर बना देना, किसी चमत्कारिक नेतृत्व के वश की ही बात है। प्रधानमंत्री का आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सिर्फ एक संकल्प नहीं, बल्कि देशभक्ति की अभिव्यक्ति भी है। मोदीजी के इस मूलमंत्र को अपना कर पार्टी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू किया है। श्री सवन्नी ने आगे कहा कि, हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी की भावना के साथ इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन और आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्र जैसी कई गतिविधियों की योजना बनाई गई है। प्रेसवार्ता के दौरान विधायक पुन्नूलाल मोहले, प्रदेश कार्य समिति सदस्य गिरीश शुक्ला, जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं आत्म निर्भर भारत अभियान के संभाग प्रभारी रामदेव कुमावत, पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक, जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा, आत्म निर्भर भारत अभियान के जिला प्रभारी रवि शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी सुनील पाठक, जिला कार्यालय मंत्री कोटूमल दादवानी, रामशरण यादव तथा पत्रकार उपस्थित रहे।

## बेलतरा विधायक ने किया निगम क्षेत्र में विकास कार्यों का भूमिपूजन



बेलतरा। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने अपने विधानसभा अंतर्गत आने वाले आज वार्ड क्रमांक 58 रानी दुर्गावती नगर खमतराई में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से निर्माण होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जिसमें खमतराई में सीसी रोड निर्माण, शवदाह गृह निर्माण, कल्वर्ट निर्माण, एकता कालोनी में सीसी रोड निर्माण एवं प्राथमिक शाला खमतराई में अतिरिक्त कक्ष निर्माण शामिल हैं। इस अवसर पर बिलासपुर नगर निगम की महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, नगर निगम सभापति विनोद सोनी, एमआईसी सदस्य बन्धु मौर्या तथा वार्ड क्रमांक 58 की पार्षद कमला पुरुषोत्तम पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भूमि पूजन के दौरान विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि जनता की सुविधा एवं क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

## सिंघार ने कोटा में कांग्रेसजन को किया संबोधित




करगीरोड कोटा। बिलासपुर जिले हेतु संगठन सृजन अभियान के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेंटी से नियुक्ति पर्यवेक्षक नेता प्रतिपक्ष मध्यप्रदेश विधानसभा उमंग सिंघार प्रदेश पर्यवेक्षक धनेश पाटिला नरेश ठाकुर के साथ कोटा पहुंचे।

स्थानीय अग्रसेन भवन में विधायक अटल श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित रामचंद्र पैकरा शीतल जायसवाल महिला कांग्रेस अध्यक्ष वीणा मसीह युवा कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पकांत कश्यप प्रकाश जायसवाल अरूण त्रिवेदी सहित ब्लॉक कांग्रेस जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने पर्यवेक्षकों का स्वागत किया। बैठक में पर्यवेक्षक ने राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान की जानकारी प्रदान की और कार्यकर्ताओं से जिलाध्यक्ष पद हेतु योग्य उम्मीदवारों की जानकारी प्रदान करने की अपील की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार विधायक जिलाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष ने बैठक की व्यवस्था की थी जहां बारी बारी से प्रत्येक पदाधिकारियों से पर्यवेक्षक ने व्यक्तिगत मुलाकात कर संगठन की गतिविधियों एवं राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान सुरेश चौहान अरूण त्रिवेदी संतोष गुप्ता संदीप शुक्ला मनोज बाजपेयी कुलवंत सिंह शिवदत्त पाण्डेय सुभाष अग्रवाल फुलचंद अग्रहरी राजू सिदार देवेन्द्र कौशिक कान्हा गुप्ता जब्बार खान माया मिश्रा सोनू मानिकपुरी लक्ष्मीन अजय चौहान संजू चौहान रिंकू दीक्षित धर्मेन्द्र देवांगन अली कश्यप संतोष बघेल पींटू मरकाम आदि सहित सैकड़ों की संख्या में कोटा बेलगहना रतनपुर के कार्यकर्ता उपस्थित थे। बिलासपुर से साथ में अभयनारायण राय राजेन्द्र शुक्ला प्रमोद नायक जितेन्द्र पाण्डेय आत्मजित मक्कड़ शिव बालक कौशिक महेन्द्र गंगोत्री रंजीत सिंह त्रिलोक श्रीवास राजकुमार तिवारी अभिषेक सिंह आदि शामिल रहे।

## बोदरी नपा अध्यक्ष ने विभिन्न कार्यों के लिए दी राशि



बिलासपुर। नगर पालिका परिषद बोदरी के वार्ड क्रमांक 9 में साहू समाज के नवनिर्मित भवन परिसर में किचन शेड निर्माण की मांग पार्षद रोहित साहू, राजा साहू ने नगर पालिका अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा से की थी।

पार्षदों की मांग पर अध्यक्ष ने सहमति देते हुए किचन शेड निर्माण के लिए पांच लाख रुपए की घोषणा की। इसके लिए समाज के वरिष्ठजन प्रहलाद साहू गुरुजी, भरत साहू, पार्षद रोहित साहू, पार्षद राजा साहू, संतोष साहू, धन्नू साहू, विष्णु साहू को अनुशंसा पत्र दिया। वार्ड एक के पार्षद अतुल धुरू ने वार्ड की जल समस्या के समाधान के लिए एक नग बोर खनन की मांग की थी, जिस पर अध्यक्ष ने डेढ़ लाख रुपए, वार्ड क्रमांक तीन के पार्षद सभापति फिरतुराम बनवारे की मांग पर आम्बेडकर चौक पर चबूतरा निर्माण हेतु दो लाख, वार्ड क्रमांक पांच पार्षद सभापति प्रीति मरावी की मांग पर गोड़वाना भवन में एक नग बोर खनन हेतु डेढ़ लाख, वार्ड सात में सभापति भावना खत्री द्वारा वासु मंगलम के सामने सीसी रोड निर्माण हेतु दो लाख रुपए की मांग पर राशि की अनुशंसा अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा द्वारा करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों को संदेश दिया कि सब को साथ मिलकर नगर पालिका बोदरी का विकास करना है।

## कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष के लिए दिग्गजों की दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष के चयन हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक उमंग सिंगार बिलासपुर पहुंच कर दीपक पैलेस सकरी में कांग्रेसियों से चर्चा करेंगे। जिलाध्यक्ष बनने हेतु कई अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं, जिसमें प्रमुख रूप से कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव आशीष सिंह ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पांडेय, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शिवबालक कौशिक एवं प्रदेश सचिव आतमजीत सिंह मक्कड़ का नाम प्रमुख है।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बनने के लिए अपनी दावेदारी के लेकर आशीष सिंह ठाकुर ने कहा कि, वे बिलासपुर जिले के हर विकासकंड व नगर पंचायत में आम कांग्रेसियों के साथ हर समय जुड़े हुए हैं। उनके साथ हर प्रदर्शन और आयोजित अन्य गतिविधियों में प्रमुखता के साथ शामिल होते हैं। यदि वे अध्यक्ष बन जाते हैं, तो जिले में कांग्रेस को मजबूत करेंगे एवं आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जीत दिलाने का प्रयास रहेगा। पूर्व जिला पंचायत जितेंद्र पाण्डेय ने कहा कि, वे ग्रामीण क्षेत्र से दो बार जिला पंचायत सदस्य रहे हैं, और आमजनों तक उनकी अच्छी पहुंच है। साथ ही कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता से उनका व्यक्तिगत संपर्क है। प्रदेश कांग्रेस सचिव आतमजीत सिंह मक्कड़ ने कहा कि, वर्तमान में कांग्रेस को संगठनात्मक रूप से मजबूत करना प्रमुख कार्य है, और इसे मैं बेहतरी के साथ पूरा करने के लिए प्रयास करूंगा। कांग्रेस को जिले में एक सशक्त पार्टी के रूप में स्थापित करने का प्रयास करूंगा। पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष शिव बालक कौशिक ने कहा कि, वे तखतपुर ब्लाक के कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे हैं तथा संगठनात्मक रूप से वे इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि, संगठन को कैसे मजबूत किया जाए। इधर सभी संभावित दावेदारों ने अपनी अपनी तरफ से लाबिंग कर कार्यकर्ताओं को अपनी रणनीति से अवगत कराया है। अब यह पर्यवेक्षक तय करेंगे कि किसे कांग्रेस के बिलासपुर जिले की ग्रामीण अध्यक्ष की बागडोर दी जाए।

### मनोज गुप्ता हैं प्रबल दावेदार



पेंड्रा। कांग्रेस संगठन में एक बार फिर नई ऊर्जा और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। जिले के पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस समिति के सदस्य मनोज गुप्ता का नाम एक बार फिर कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद के लिए चर्चा में है। कार्यकर्ताओं के बीच उनकी लोकप्रियता और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा उन्हें कार्यकर्ताओं की पहली पसंद बना रही है। गौरतलब है कि, मनोज गुप्ता के नेतृत्व में संगठन ने न केवल मजबूती हासिल की, बल्कि कार्यकर्ताओं में एकजुटता और उत्साह का संचार भी हुआ। पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का कहना है कि, श्री गुप्ता ने हमेशा हर स्तर के कार्यकर्ता को सम्मान और महत्व दिया।

## बूथ स्तर पर एजेंट्स को दिया गया प्रशिक्षण



तखतपुर। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 28 तखतपुर अंतर्गत तहसील सकरी एवं तखतपुर में एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में बूथ लेवल पर एजेंट को प्रशिक्षण दिया गया। तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला ने बताया कि, राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा वर्तमान में मतदाता सूची का विशेष गहन पूनरीक्षण कराया जा रहा है। इसके तहत किस तरह से मतदाता सूची पर काम किया जा रहा है, इसकी जानकारी एजेंटो को दी गई। उन्हें बताया गया कि, मतदाता सूची में कैसे अद्यतन करने की कार्यवाही चल रही है, और इस अद्यतन को बूथ स्तर के अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है। यह एक समयबद्ध कार्य है, जिसे निर्धारित समय में पूरा कर भेजना है। इस अवसर पर नैन लाल साहू, उत्तरा कश्यप, बिहारी देवांगन, दिनेश देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### अवैध बिजली कनेक्शन से ग्रामीण की मौत, जुर्म दर्ज

तखतपुर। धान की फसल की सिंचाई के लिए जोड़े गए अवैध कनेक्शन के कारण ग्रामीण करंट की चपेट में आ गया एवं उसकी मौत हो गई। पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खपराखोल निवासी राम कुमार नेताम मोटर पंप के माध्यम से नहर का पानी से अपने खेत में ले जाने के लिए ट्रांसफार्मर से अवैध कनेक्शन जोड़ा था।कनेक्शन में गड़बड़ी होने के कारण पास में काम कर रहा तुल सिंह मरावी करंट की चपेट में आकर घायल हो गया, जिसकी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने जांच उपरांत आरोपी रामकुमार नेताम के खिलाफ धारा 106,1 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

**सूचना**

मैं गुलाबी जगदल्ला पति श्री एम डी जगदल्ला, निवासी पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास, मंगला रोड, कुदुदण्ड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ का आधार नंबर 216237192901 है। मेरे पति श्री मकरध्वज जगदल्ला का जिला कोषालय बिलासपुर के पीपीओ क्रमांक 08/एचसी/37641 में मेरा नाम श्रीमती गुलापी जगदल्ला है जो कि मेरा ही नाम है और एक ही व्यक्ति का नाम है। आधार कार्ड में पति का हॉफ नाम एम डी जगदल्ला उल्लेख है। मेरा अन्य दस्तावेजों में भी ऐसा जो उल्लेख है कि संबंध में शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि सत्य एवं सही है। जिसके समर्थन में मैंने शपथ पत्र भी पेश की हूँ।

अतः मेरा नाम श्रीमती गुलाबी उर्फ गुलापी पति का हाफ नाम एम डी जगदल्ला पूरा नाम मकरध्वज जगदल्ला पता उपरोक्त दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु प्रस्तुत है। यदि कोई असत्य पाया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरे स्वयं की होगी।

दिनांक -

आवेदिका
श्रीमती गुलाबी उर्फ
गुलापी जगदल्ला
पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास
मंगला रोड, कुदुदण्ड, बिलासपुर

**दोनो आम सूचना का खण्डन**

मैं अपने पक्षकार मोहर साय पिता फागूराम निवासी लिमतरा तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर छ.ग. वाले से अधिकृत व नियुक्त होकर उसके कहे अनुसार निम्न आशय का दो आम सूचना जो कि शुभेन्दु नस्कर अधिवक्ता बिलासपुर के द्वारा अपने पक्षकार झंकार अग्रवाल के कहे अनुसार दिनांक 10/10/2025 को कराई गई उसका निम्नानुसार खण्डन करता हूँ कि मेरे पक्षकार की भूमि मौजा लिमतरा प.ह.नं.-09, तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर मे स्थित खसरा नंबर 207/6 शामिल 208/1, 591, 592/1, 632, 632/4, 792/1, 797, 798, 799/1, 807/1, 791/2, 939, 805/3, 795, 805/2 है। मेरे पक्षकार को रूपये की आवश्यकता होने पर झंकार अग्रवाल से दिनांक 05/02/2025 को 12,20,000/-रू. एवं दिनांक 15/02/2025 को पुनः 3,00,000/-रू. ब्याज मे राशि लिया गया जिस बाबत दिखावटी स्वरूप झंकार अग्रवाल ने उपरोक्त तिथि को बिक्रीनामा/इकरारनामा निष्पादित कराया गया है। मेरे पक्षकार उपरोक्त राशि को वापस करने हेतु तैयार है जिस संबंध मे मेरे पक्षकार ने नोटिस का जवाब प्रेषित एवं झंकार अग्रवाल के पक्ष मे पंजीकृत मुख्तियार खास को निरस्त कराया जा चुका है मेरा पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि को अन्यत्र विक्रय, हस्तांतरण, रहन, गहन नहीं किया जा रहा है, चूंकि उपरोक्त भूमि से पूरे परिवार का जीवकोपार्जन होता है।

सो सूचना जानें।

बिलासपुर छ.ग., दिनांक- 10/10/2025

भवदीय
संकेत कुमार खाण्डे, अधिवक्ता
बिलासपुर (छ.ग.) मो.- 8085201302

न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, जिला- मुंगेली, छ.ग.

अमृतलाल... वादी विरूद्ध
फगुवा वगैरह... प्रतिवादीगण

व्य.वा.क्र.-90ए/2023
पेशी दिनांक-30.10.2025
प्रो.क्र.- 174/25

**न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब पेश करने हेतु समंस**

वादी ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध, जो इस प्रकरण से संबंधित है के विरूद्ध एक व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है जिसमें पेशी आगामी दिनांक- 30.10.2025 को नियत है।

अतः प्रतिवादी क्रमांक 7 सुंदर बाई उम्र 80 वर्ष पति ब्रदी प्रसाद पिता स्व. परसा साहू निवासी पुराना पावर हाऊस कोरबा, तहसील व जिला- कोरबा, छ.ग. जो इस प्रकरण से संबंधित है को सूचित किया जाता है कि नियत पेशी दिनांक 30.10.2025 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 08/10/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

(कु. नारायणी कच्छप)
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली,
जिला- मुंगेली, छ.ग.

कार्यालय नगर पंचायत सरगांव
जिला-मुंगेली (छ.ग.)
क्रमांक 695/ न.पं / रा./2025-26
सरगांव, दिनांक...10/10/2025

**ईश्तहार सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री तुकाराम, सुंदरलाल खिलावन साहू लीलाराम साहू पिता स्व. धनसिंह निवासी नगर पंचायत सरगांव तहसील सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.) के पैतृक मकान मलमा सहित जिसका खसरा नंबर 1715/2 रकबा 1100 वर्गफीट है उक्त संपत्ति निकाय के वार्ड कमांक 09 गुरू गोविंद सिंह वार्ड में स्थित है। को श्री खेमलाल साहू पिता हीरालाल साहू द्वारा क्रय किया गया है। जिसको खेमलाल साहू पिता हीरालाल साहू द्वारा कार्यालय नगर पंचायत सरगांव के राजस्व डिमांड पंजी में नामांतरण कराये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह कार्यालय नगर पंचायत सरगांव में स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से 07 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। नियत समयावधि के उपरांत प्राप्त किसी भी आपत्ति/आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत सरगांव
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार जरहागांव,
जिला मुंगेली (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. अ6-अ/2025-26
ग्राम पंचायत कुंवागाँव प.ह.नं.06

एतद् द्वारा समस्त ग्राम पंचायत वासी कुंवागांव तहसील जरहागांव जिला मुंगेली वालों को सूचित किया जाता है आवेदक जीवन पूरी गोस्वामी पिता शिव पूरी जाति गोस्वामी निवासी ग्राम कुंवागांव द्वारा ग्राम कुंवागांव प.ह.नं. 06 में आवेदक के नाम पर भूमि ख.नं. 293/1 रकबा 0.1700 हे0 के वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक का नाम परमेश्वर पूरी पिता शिव पूरी दर्ज है जबकि आधार कार्ड एवं शासकीय दस्तावेज में जीवनपुरी पिता शिवपुरी अंकित है। इस पकार दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात आवेदक का ही नाम है। उक्त वादभूमि के वर्तमान राजस्व प्रपत्रों में आवेदक का नाम परमेश्वर पुरी के स्थान पर जीवनपुरी पिता शिवपुरी दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है उक्त संबंध मे जिस किसी आम व खास व्यक्ति को कोई आपत्ति/ दावा या उजर हो तो वे स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 6/11/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/10/25 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं पद सील से हस्ताक्षर कर जारी किया गया।

तहसीलदार
जरहागांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मस्तुरी, जिला-बिलासपुर,छ.ग.

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-2/2025-26
मौजा - खम्हरिया, प.ह.न. 13
तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर,छ.ग.

जगदीश चंद्र पिता डालचंद गाडरी निवासी ताज्याखेड़ी, तहसील भीलवाड़ा (राजस्थान)
..........आवेदक/आवेदिका

**विरूद्ध**

छ.ग.शासन ....................अनावेदक

एतद् द्वारा ग्राम खम्हरिया, प.ह.नं. 13, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर, छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि- आवेदक/आवेदिका जगदीश चंद्र पिता डालचंद गाडरी, निवासी ताज्याखेड़ी, तहसील भीलवाड़ा, (राजस्थान) ने उपस्थित होकर मौजा खम्हरिया, प.ह.नं. 13, तहसील सीपत, जिला- बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 269/7, रकबा 0.0200 हे./2180 वर्गफीट भूमि को छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत व्यवसायिक हेतु डायवर्सन कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक- 22.10.2025 के लिये नियत है।

अतः तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई तारीख तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश,
बिलासपुर (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी )

**ज्ञापन**

उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 53/25
आदेश दिनांक 17/09/25
पेशी दिनांक: 17/10/25
प्रोसेस क्रमांक: 163/25

आशीष नत्थानी...आवेदक विरूद्ध
आम जनता वगैरह...अनावेदकगण

प्रति.
आम जनता, जिससे इसका संबंध हो

इस न्यायालय में आवेदक आशीष नत्थानी, उम्र 31 वर्ष, आत्मज स्व. श्री अशोक कुमार नत्थानी, निवासी वार्ड नं. 08. राजू मिल गली, बोदरी, बिलासपुर, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने स्व. अशोक कुमार नथानी के बैंक ऑफ बडौदा द्वारा शाखा प्रबंधक, शाखा लिंक रोड, सत्यम टॉकिज के सामने, जिला बिलासपुर (छ.ग.), बैंक ऑफ इंडिया द्वारा शाखा प्रबंधक, शाखा राजेन्द्र नगर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं युको बैंक द्वारा शाखा प्रबंधक, शाखा एम.व्ही. मार्केट, तेलीपारा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में जमा रकम के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी आमजन का कोई अधिकार या हित हो या उत्तराधिकार के संबंध में कोई आपत्ति हो तो उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 17/10/25 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है, नियत पेशी दिनांक 17/10/25 तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 17/10/25 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अतः आज दिनांक 29/9/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक: 29/09/25 स्थान: बिलासपुर छ.ग.
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं
विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025,
बिलासपुर, दिनांक 23.09.2025

श्री सुशील कुमार अग्रवाल आत्मज स्व. किशोर कुमार अग्रवाल (माता श्रीमती कुसुमलता अग्रवाल) उम्र 35 वर्ष निवासी अग्रसेन चौक वा. क्र. 03 बिल्हा थाना तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी पूर्णिमा साहू आत्मजा श्री भागवत साहू उम्र 30 वर्ष निवासी वा. क्र. 14 महामाया चौक केशला थाना व तहसील बिल्हा बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 30.10.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


सुशील अग्रवाल


पूर्णिमा साहू

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH









## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹251/- फोन से परामर्श केवल ₹501/-**

*व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,*
*शादी के लिए माता-पिता को मनाना*

**जब कहीं ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : 96308-91863**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
**नया रामावतार पेट्रोल पंप के सामने, सहदेवड़ा ज्वेलर्स के बाजू दर्री रोड, कोरबा (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : 96308-91863**

10 -OCT- BSP-PG-8_Layout 1 10/11/2025 1:02 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### चाकू से हमला करने वाला भेजा गया जेल

**बिलासपुर।** सड़क पर मामूली बात को लेकर हुए विवाद के दौरान युवक पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार गोंड़पारा सीताराम मंदिर निवासी सुजल शर्मा पिता राजेन्द्र शर्मा उम्र 20 वर्ष बुधवार रात 8 बजे अपने दोस्त अक्षय गुप्ता के साथ एक्टिवा में घूम रहे थे। इस दौरान मोहल्ले में बिट्टी बालमिकी मेहरून कलर की एक्टिवा के साथ आया, उसके पीछे राहुल यादव बैठा था, दोनों पास आकर बिना किसी कारण के गाली गलौज करने लगे। सुजल ने ऐसा करने से मना किया, जिसके बाद पीछे बैठे राहुल यादव ने चाकू से सुजल के दाहिने जांघ में हमला कर दिया। इस दौरान बिट्टू बालमिकी ने भी मारपीट की। पुलिस ने मामले में अपराध कमांक 560/25 धारा 296,115 (2),351 (2),3 (5) बीएनएस 25,27 आर्म्स एक्ट, के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया। शुक्रवार को सिटी कोतवाली पुलिस ने दबिश देकर अरोपी राहुल यादव को हिरासत में ले लिया, पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल लिया है। पुलिस ने उसके पास से स्टील का चाकू भी जब्त किया है। मामले में एक अन्य आरोपी बिट्टू बालमिकी फरार है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

### आवास देखने पहुंचे प्रतिनिधि से मारपीट

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री आवास के तहत मेंड्रा में बनाए जा रहे आवास का निरीक्षण करने पहुंचे एक व्यक्ति को पंच- सरपंच के सामने ही मकानमालिक ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। घटना से आहत सरपंच प्रतिनिधि ने सकरी थाने में जुर्म दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि मेंड्रा में धर्मेंद यादव की जमीन है और उसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवन निर्माण किया जा रहा है। प्रार्थी लक्ष्मी नारायण खैरवार सरपंच प्रतिनिधि है। शुक्रवार की सुबह वह पंच, सरपंच के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान मकानमालिक ने घर तोड़वाने आया है कह कर गाली गलौज की। वहीं जान से मारने की धमकी देते हुए पत्थर मार कर सिर फोड़ दिया। खून निकलता देख आसपास के लोगों ने झगड़ा सुलझाया। सरपंच प्रतिनिधि ने घटना की शिकायत सकरी थाने में की है। पुलिस मामले में विवेचना कर रही है।

### घर का दरवाजा तोड़ महिला से मारपीट

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर कुछ युवकों ने सरकंडा लोधीपारा निवासी महिला के घर में मारपीट करते हुए तोड़फोड़ की है। पुलिस ने युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सरकंडा पुलिस के अनुसार लोधीपारा राधाकृष्ण मंदिर के पास गंगोत्री कोशिक का मकान है। कुछ दिन पहले कृषि विश्वविद्यालय सरकंडा में काम करने वाले दिलेश्वर यादव द्वारा उनसे हुज्जतबाजी की गई थी।वह 9 अक्टूबर की रात 10.30 बजे अपने घर पर थी, इस दौरान माता चौरा सरकंडा निवासी वासू यादव और करीब 10 से अधिक लोगों ने घर का दरवाजा तोड़ते हुए घुसे और दिलेश्वर के साथ किए गए बर्ताव को लेकर गाली गलौज करने लगे। इस दौरान युवकों ने महिला का गाला भी दबाया। इस दौरान कुछ लोगों ने युवक के चुंगुल से महिला को बचाया। युवकों ने घर में रखे बाइक सीजी 10 एडी 9472 और एक्टिवा सीजी 10 एजे 7160 को निशाना बनाया और जमकर तोड़फोड़ की। महिला ने घटना की शिकायत सरकंडा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले में युवकों की तलाश कर रही है।

## पर्यवेक्षक ने की कोटा व तखतपुर के कार्यकर्ताओं से चर्चा

## कोटा, तखतपुर से सात दावेदारों ने जिलाध्यक्ष के लिए दिया आवेदन

# कांग्रेस में उठी ग्रामीण क्षेत्र से जिलाध्यक्ष बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संगठन सृजन अभियान तहत कांग्रेस संगठन में नए जिलाध्यक्ष और शहर अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी व दावेदारी का दौर शुरू हो गया है। केन्द्रीय पर्यवेक्षक मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंक सिंघार ने शुक्रवार को तखतपुर विधानसभा की सकरी और कोटा विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन चर्चा, रायशुमारी की। इस दौरान कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पर्यवेक्षक समक्ष ग्रामीण क्षेत्र से नया जिलाध्यक्ष बनाए जाने की मांग की है। वहीं दोनों विधानसभा से सात दावेदारों ने जिलाध्यक्ष पद के लिए आवेदन दिया है।

कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान के लिए आज केन्द्रीय पर्यवेक्षक मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित राज्य पर्यवेक्षक टीएस सिंहदेव, धनेश पाटिला, नरेश ठाकुर आज बिलासपुर पहुंचे और पहले छत्तीसगढ़ भवन एवं कांग्रेस भवन में कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के बाद सीधे तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के सकरी स्थित दीपक पैलेस पहुंचे, जहां संगठन सृजन अभियान तहत बैठक रखी गई थी। बैठक के बाद केन्द्रीय पर्यवेक्षक श्री सिंघार कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बंद कमरे में वन-टू-वन मिले और अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी की। इसके बाद पर्यवेक्षक कोटा विधानसभा क्षेत्र पहुंचे, जहां कोटा के अग्रसेन भवन में बैठक के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ग्रुप और वन-टू-वन अकेले भी मिले।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से पर्ची में लिखकर देने कहा कि वे किसको अध्यक्ष बनाना चाहते हैं। इसके बाद आदिवासी समाज, सर्व आदिवासी समाज, पटेल समाज तथा कुछ अधिवक्ताओं से भी पर्यवेक्षक मिलें और उनसे भी चर्चा की। इस रायशुमारी के दौरान खासकर तखतपुर विधानसभा और कोटा से भी कुछ कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्र से कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनाने की मांग पर्यवेक्षक के समक्ष उठाई है।




**अध्यक्ष पद के लिए इन्होंने की दावेदारी:** पर्यवेक्षक उमंग सिंघार से वन-टू-वन के दौरान मिलकर तखतपुर विधानसभा से शिवबालक कौशिक, आशीष सिंह ठाकुर, जितेन्द्र पांडेय, आत्मजीत सिंह मक्कड़ ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी करते हुए आवेदन दिया है। इसी तरह कोटा विधानसभा में रायशुमारी के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित समेत संदीप शुक्ला और नीरज जायसवाल ने अध्यक्ष पद के लिए आवेदन दिया है।

### समर्पित कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा मौका

संगठन सृजन अभियान अंतर्गत केन्द्रीय पर्यवेक्षक बनकर बिलासपुर आए मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बताया कि कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए कर्मठ, जुझारू और समर्पित कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी होगी, उसकी उतनी भागीदारी पर अध्यक्ष का चयन होगा। संगठन सृजन अभियान को लेकर पर्यवेक्षक उमंग सिंघार ने बताया कि संगठन में सृजन रिप्लेसमेंट है। यह पूरी तरह से नहीं बदला जाएगा, जहां जरूरत नहीं है वहां नहीं बदलेंगे। राहुल गांधी चाहते हैं कि जनता के बीच कांग्रेस की बात और जनता के मुद्दों के लिए लड़ने वाला जिलाध्यक्ष चाहिए जो भाजपा से लड़ सकें। श्री सिंघार ने दावा ने किया कि इस अभियान तहत पूरी पारदर्शिता के साथ जिलाध्यक्ष का चयन होगा और जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी पर चयन होगा। उन्होंने बताया की संगठन की मजबूती के लिए जिले के कर्मठ, जुझारू और कांग्रेस के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाएगा। पत्रकारों के प्रश्नों का जवाब देते हुए मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां के मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के असिस्टेंट लगते हैं। जनता से उनका कोई संवाद नहीं है जैसे मध्य प्रदेश में पर्ची वाले मुख्यमंत्री हैं, वैसे ही यहां भी पर्ची वाले मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि अमित शाह के लगातार दौरे मुख्यमंत्री को बचाने के लिए हैं या अडानी के खदानों के लिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आम जनता की नहीं है बल्कि बड़े उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। बिजली बिल और स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि संपूर्ण व्यवस्था विदेशी कंपनियों के हाथों में है।

## आधुनिक सड़क पर अंधेरा..



**बिलासपुर।** स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत शहर में जगह जगह करोड़ों रुपए खर्च कर सौंदर्यीकरण के कार्य किए गए हैं। इन कार्यों में सड़क निर्माण से लेकर आधुनिक बिजली व्यवस्था भी शामिल है। योजना के तहत वीआईपी इलाके लिंक रोड पर पुलिस लाइन के पीछे डिवाइडर बनाकर आकर्षक पौधे लगाए गए हैं। इस जगह पर स्ट्रीट लाइट भी लगाई गई है, परन्तु मेंटनेंस नहीं होने के कारण यहां की स्ट्रीट लाइट अक्सर बंद रहती है, कभी पूरी सड़क की लाइट बंद रहती है तो कभी आधी सड़क की, कभी कभी पूरी सड़क की लाइट जल भी जाती है। लाइट बंद रहने के दौरान यहां से गुजरने वालों को दुर्घटना का भय सताता रहता है।

## फारेस्ट गार्ड भर्ती

# 11 माह में वन विभाग नहीं दे पाया रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन विभाग बिलासपुर सहित मरवाही, पेण्ड्रा, एटीआर व अन्य स्थानों पर फारेस्ट गार्ड की भर्ती की प्रक्रिया वर्ष 2024 में की गई थी, जिसके तहत बहतराई के स्पोर्टस काम्पलेक्स में फिजिकल टेस्ट भी लिया गया था। 11 माह से अधिक होने के बाद भी अब तक वन विभाग परीक्षार्थियों का रिजल्ट नहीं निकाल पाया, जिसके कारण परीक्षार्थी भी परेशान हो गए हैं।

- हलाकान परीक्षार्थी देख रहे रिजल्ट का रास्ता

जिलों के वन मंडल में रेंजर के अलावा फारेस्ट गार्ड के पद रिक्त हैं। इन पदों के रिक्त होने के कारण विभागीय कार्यों के अलावा जंगल की सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है। सबसे अधिक रेंजरों की कमी होने के कारण कई फारेस्ट गार्ड को वन परिक्षेत्र की जिम्मेदारी देकर प्रभारी रेंजर बना दिया गया है। फारेस्ट गार्ड के लिए प्रदेश स्तर पर सभी वन मंडल में रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरु कर दी गई। प्रदेश के अलावा बिलासपुर वन मंडल, मुंगेली, सोशल फारेस्ट्री, मरवाही वन मंडल, अचानकमार टाइगर रिजर्व में 132 फारेस्ट गार्ड के पदों में भर्ती प्रक्रिया बहतराई के राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र के आउटडोर मैदान में की गई थी।

बिलासपुर वन मंडल के अलावा वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में 1484 पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन भी आमंत्रित किया गया। बिलासपुर वन मंडल के अलावा चार डिवीजन में 132 फारेस्ट गार्ड के पदों पर करीब 53 हजार उम्मीदवारों ने आवेदन दिया था। फारेस्ट गार्ड की भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट में उम्मीदवारों ने 200 से 800 मीटर की दौड़ के साथ भाला फेंक, गोला फेंक में हिस्सा लिया, जिसमें महिला उम्मीदवार भी शामिल थे। इन उम्मीदवारों ने नौकरी की आस में जमकर पसीना तो बहाया, लेकिन वन विभाग की ओर से उनका परिणाम घोषित नहीं किया गया।

परीक्षार्थियों की परेशानी है कि जब तक फिजिकल टेस्ट के परिणाम घोषित नहीं किए जाएंगे, तब तक वे रिटर्न की तैयार नहीं कर सकते हैं।

### भर्ती प्रक्रिया शुरु होगी 28 से

वन विभाग अफसरों के अनुसार भर्ती प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरु की जाएगी। सभी पात्र अभ्यर्थी अपना प्रवेश कार्ड विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। विभाग की ओर से अपील की गई है कि वे वेबसाइट पर जारी दिशा निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। दक्षता परीक्षण के दिन सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं और परीक्षा केन्द्र पर समय से पहले पहुंचे।

### डिजिटल सिस्टम से होगा परीक्षण

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश वन जलवायु परिवर्तन विभाग ने वनरक्षक भर्ती प्रक्रिया को फिर से शुरु करने की घोषणा की है। राज्य के विभिन्न वन मंडल में 1484 रिक्त पद के लिए अभ्यर्थियों का दक्षता परीक्षण अब डिजिटल टेक्नोलॉजी सिस्टम से कराया जाएगा। पहले चरण में 16 नवंबर से 20 दिसम्बर 2024 तक शारीरिक मापजोख और दक्षता परीक्षण कराया गया था। उस दौरान कुछ अभ्यर्थियों का परीक्षण मैन्युअल और कृत्रिम प्रकाश में हुआ।

## ड्रग विभाग ने विभिन्न कंपनियों के कफ सिरप का सैंपल लिया

# 15 अलग-अलग बैच के सैंपल जब्त, आदेश के बाद जागा विभाग, असमंजस में लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मध्यप्रदेश में 23 बच्चों की मौत के बाद ड्रग विभाग से लेकर शासन-प्रशासन एक्टिव मोड पर है। विभाग ने जिले के विभिन्न दुकानों से 15 बैच के अलग-अलग दवाओं के सैंपल लिए हैं, लेकिन खास बात यह है सभी कंपनी के सैकड़ों सिरप बेचे जा चुके है। ऐसे में सैंपल कलेक्शन के बाद अमानक दवा की पुष्टि होने तक हर कोई असमंजस्य की स्थिति में है। वहीं दवा दुकानदार अभी भी बिना पर्ची के लोगों को कप सिरप थमा रहे हैं, इसकी कभी भी पड़ताल नहीं की जाती है।

- पिछले 8 माह में एक भी सैंपल की रिपोर्ट नहीं आई है अमानक

ड्रग विभाग द्वारा जिले में 15 कप सिरप के सैंपल लेकर राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेज चुका है, जिन दवाओं को सैंपल के लिए भेजा गया है, वह सभी कफ सिरप संदिग्ध बताया जा रहा है, जिसके जांच के बाद भी अमानक या मानक सिद्ध हो सकेगा। लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि मध्यप्रदेश में बच्चों की मौत के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को इसकी भनक लगी है, जबकि सालों से ऐसी कफ सिरप गली-मोहल्लों की दवा दुकानों में बिक रहा है। खास बात यह है कि बच्चों के जल्द बीमार पड़ने के कारण अभिभावक पहले से ही कप सिरप की बोतल रखते हैं और बच्चों को उनकी डोज भी देते है। विभाग रिपोर्ट आने तक अमानक और मानक की बात कहने से बच रहा है, लेकिन अभिभावक असमंजस्य की स्थिति में है। जिन दवा के सैंपल लिए गए है, उसकी कितनी कप सिरफ बिक चुकी है, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

### इस बैच की दवा का लिया गया सैंपल

| दवा का नाम | बैच |
|---|---|
| रैनाटिडीन ओरल साल्यूशन आईपी | एसआर068 |
| प्रोनिट हैमाटिनिक विद प्रोटिन सिरप | एसआर 03 |
| मोंटेरोस किड टेबलेट | एसआरटी 034 |
| निम्यूसन प्लस टेबलेट | एसआरटी 012 |
| सस्पेंशन ड्राईऑन कोल्ड प्लस | पीडीवाईएलए002 |
| सस्पेंशन विकोरियल | 2508000168 |
| एमोफ्रेश एटी टेबलेट | आईपीपी0125003आर |
| सिनारिस्ट टेबलेट | 7250311 |
| बायोकॉफ जूनियर सिरप | एसपीए250450 |
| फेंसेडियल डीक्स सिरप | पीएनए25046 |
| सेटरेस्ट कोल्ड डीएस | एसीडीएल25010 |
| सिनोवेंट सस्पेंशन | एस24016 |
| चेरीडिल सिरप | एजीएम24011 |
| एनकोल्ड प्लस न्यू सस्पेशन | एसपीए250257 |




### श्रेसन फार्मा की 4 दवा का सैंपल

बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश में जिन बच्चों की मौत हुई है, उन सभी के लिए श्रेसन फार्मा की कप सिरप का इस्तेमाल किया गया था। फूड एंड ड्रग विभाग ने बिलासपुर में भी श्रीसन फार्मा के 2 कप सिरप और 2 टेबलेट को जब्त किया है। जिसमें रैनाटिडीन ओरल साल्यूशन आईपी, प्रोनिट हैमाटिनिक विद प्रोटिन सिरप और मोंटेरोस किड टेबलेट, निम्यूसन प्लस टेबलेट शामिल है। विभाग द्वारा कप सिरफ की बैच लिस्ट, बिलिंग डिटेल्स और सप्लाई चैन की जांच कर रहा है।

### लिए गए हैं सैंपल

श्रेसन कंपनी के दो-चार दवा के सैंपल लिए गए हैं, यह बड़ी कंपनी है, इसकी कई दवा रहती है। संदेह के आधार पर अलग-अलग बैचों की दवा हर माह सैंपल के लिए जाती है, यह रूटिन काम है। एमपी की घटना के बाद आदेश प्राप्त हुआ है, सैंपल लेकर जांच के लिए भेजी जा रहा है। किसी दवा के अमानक पाए जाने पर पूरे देश में आदेश सर्कुलेट होते हैं, जिसके बाद अनिवार्य तौर पर जांच की जाती है।

**-भीष्म सिंह कंवर**, ड्रग कंट्रोलर, फूड एंड ड्रग विभाग

# अमलजोत डेवलपर्स का लाइसेंस निगम ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमलजोत डेवलपर्स कंस्ट्रक्शन कंपनी के पार्टनर के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का अपराध दर्ज होने के बाद नगर निगम ने अमलजोत डेवलपर्स के कालोनाईजर लाइसेंस को निलंबित कर दिया है।

पुलिस विभाग द्वारा नगर निगम को भेजे गए पत्र के बाद नगर निगम ने कार्रवाई की है। दरअसल अमलजोत डेवलपर्स में चार भागीदार भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, राजेन्द्र मोटवानी,अजय गुरुवानी और अंकित छाबड़ा हैं। इनको नगर निगम बिलासपुर द्वारा पुलिस विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर कॉलोनाईजर लायसेंस क्रमांक 142 दिनांक 25 जुलाई 2025 को जारी किया गया था। 8 अगस्त 2025 को एसएसपी बिलासपुर के पत्र द्वारा जानकारी दी गई कि पियूष गंगवानी की शिकायत पर अमलजोत डेवलपर्स के भागीदार राजेन्द्र मोटवानी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 एवं 34 के तहर एफआईआर दर्ज किया गया है। इसके बाद निगम ने कॉलोनाईजर लायसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निगम की ओर से कहा गया है कि उपरोक्त संबंध में बिल्डर या किसी और को किसी भी प्रकार का कोई स्पष्टीकरण,दस्तावेज प्रस्तुत करना हो तो 7 दिन में निगम में जमा किया जा सकता है।

- पार्टनर राजेन्द्र मोटवानी के खिलाफ 420 का मामला दर्ज होने के बाद कार्रवाई

निलंबन अवधि प्रारंभ होने की तिथि से प्रकरण पर अंतिम निर्णय होने तक इस कालोनाईजर लायसेंस के तहत कोई भी विकास अनुज्ञा/ कॉलोनी विकास की अनुमति हेतु आवेदन किया जाना प्रतिबंधित रहेगा।

### युवक ने लगाई फांसी पुलिस ने शुरू की जांच

**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अज्ञेय नगर में एक युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि मल्हार निवासी विवेक मिश्रा पिता संजय मिश्रा उम्र 22 वर्ष हाल ही में अज्ञेय नगर में रहता था। शुक्रवार को आसपास के लोगों ने पुलिस को जानकारी दी कि एक व्यक्ति ने खुदकुशी कर ली है। सिविल लाइन पुलिस सुबह 10 बजे मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। फिलहाल पुलिस ने मामले में कुछ भी कहने से बच रही है। पुलिस के अनुसार मामले में जांच जारी है

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 18 तक

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में चलाई गई स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान को 4 अक्टूबर से बढ़ाकर 18 अक्टूबर तक विस्तारित किया गया है। अभियान का संचालन एवं समन्वय चिकित्सा विभाग कर रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक महिला कर्मचारियों एवं उनके आश्रित लाभार्थियों का निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत सम्मिलित करना है, जिससे स्वास्थ्य जांच एवं रोगों की प्रारंभिक पहचान के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण को सुदृढ़ किया जा सके। शिविर में 486 महिलाओं की उच्च रक्तचाप, मधुमेह एवं मोटापे की जांच की गई, 366 महिलाओं की कैंसर जांच, 358 महिलाओं की एनीमिया जांच तथा 35 प्रसव पूर्व परीक्षण किए गए।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# आटो ने बाइक को मारी टक्कर, 7 दिन बाद मामला दर्ज

**बिलासपुर।** बाइक से पति व बच्चों के साथ दशहरा मनाने गई महिला को आटो चालक ने जोरदार टक्कर मार दी, दुर्घटना में घायल सभी को पहले सिम्स में भर्ती कराया गया, जिसके बाद निजी अस्पताल में इलाज किया गया। इलाज के बाद महिला द्वारा आरोपी आटो चालक के खिलाफ सीपत थाने में अपराध दर्ज किया गया है।

मामला सकरी थाना का है। जहां बिरगहनी जिला मुंगेली निवासी महिला अपने गोबरीपाट कोटा स्थित मामी के घर गई थी। पति व दो बच्चे के साथ महिला दशहरा उत्सव के लिए 3 अक्टूबर को बाइक क्रमांक सीजी 10 आर 3794 को सभी रायपुर जा रहे थे। aइस दौरान उनकी बाइक कोटा मोड बालकदासा चौक के पास पहुंचे थी, तभी आटो क्रमांक सीजी 10 बीवाई 4958 के चालक ने बाइक को ठोकर मार दी। जिससे सभी को चोट लगी। उनके पति सुरेश कुमार बंजारे के दाहिने पैर, माथे में चोट लगी है। बड़ी बेटी प्राची बंजारे को पैर तथा छोटी बेटी मानसी बंजारे हाथ में चोट लगी है।

आसपास के लोगों ने सभी को सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद परिजनों ने अच्छे इलाज के लिए निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। तबीयत में सुधार होने के बाद पुलिस सकरी थाना पहुंची और आरोपी आटो चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कराया है।

### राखड़ परिवहन रोकने वालों पर जुर्म दर्ज

एनटीपीसी सीपत से राखड़ परिवहन को लेकर सुखरीपाली में हुए चक्काजाम के मामले में पुलिस ने ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दलहा पोड़ी निवासी बहोर सिंह ने विवेक कंस्ट्रक्शन कोरबा कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि विवेक कंस्ट्रक्शन, नवकार ग्लोबल, आहार इंफ्रा, रिफेक्स इंडस्ट्रीज, जेपीडब्ल्यू, आशीफ इकबाल, पशुपतिनाथ, डी.वी. प्रोजेक्ट, पीएम इंफ्रा समेत सभी एजेंसियों को एनटीपीसी सीपत द्वारा टेंडर के माध्यम से फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टिंग का कार्य आवंटित किया गया है, जो नियमानुसार चल रहा है। शिकायत कर्ता के अनुसार मस्तूरी थाने में 9 अक्टूबर को मुकेश सिंह धुरी एवं उनके अन्य साथियों ने ग्राम सुखरीपाली डेम के पास अनाधिकृत रूप से भारी वाहनों को रोककर राखड़ परिवहन कार्य में बाधा पहुंचाई गई थी। इससे एनटीपीसी सीपत से राखड़ प्लाईऐश की दुलाई प्रभावित हुई। मामले की शिकायत पर मस्तूरी पुलिस ने मुकेश सिंह धुरी और अन्य के खिलाफ जुर्म दज कर जांच शुरू कर दी है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411